


नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 165 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 20 अप्रैल 2023



पेज -4 पर कलेक्टर ने अधिकारियों को तत्परता से आवेदनों का निराकरण करने ...

नवम दीक्षांत समारोह में सम्मानित हुई प्राची मिश्रा पेज -8 पर





JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


# मुख्यमंत्री ने संभाग स्तरीय सी-मार्ट का किया लोकार्पण

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर पश्चिम विधानसभा में भेंट-मुलाकात के दौरान समता कालोनी के अग्रसेन चौक में नवनिर्मित प्रदेश के पांचवे संभाग स्तरीय सी-मार्ट का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर रायपुर पश्चिम विधायक एवं संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, महापौर रायपुर श्री एजाज ढेबर सहित स्व-सहायता समूह की महिलाएं वन विभाग तथा नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित थे।





मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सी-मार्ट के लोकार्पण उपरांत सम्पूर्ण परिसर का भ्रमण किया और छत्तीसगढ़ हर्बल के साथ-साथ स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार सामग्रियां देखी। सी-मार्ट का संचालन कर रही महिलाओं ने मुख्यमंत्री को उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने भी उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश की समूह की महिलाओं को सी-मार्ट के रूप में बड़ा बाजार मिला है और उपभोक्ताओं तक उनकी पहुंच बढ़ी है। सी-मार्ट के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मिलेट्स और हर्बल उत्पादों को सी-मार्ट में विशेष स्थान दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोदो, कुटकी, रागी जैसे पौष्टिक उत्पादों की उपलब्धता से मिलेट मिशन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री बघेल को सी-मार्ट संचालनकर्ताओं द्वारा हर्बल उत्पादों की टोकरी भेंट की गई। उल्लेखनीय है कि यह प्रदेश का पांचवां संभाग स्तरीय सी-मार्ट है, जिसे लगभग 3800 स्क्वायर फ़ीट में 1 करोड़ 23 लाख की लागत से तैयार किया गया है। डिपार्टमेंटल स्टोर की तरह यह सी-मार्ट सर्वसुविधायुक्त है तथा यहां लगभग 800 तरह के उत्पाद उपलब्ध है, जिसमें उत्पादों की संख्या आगे और बढ़ेगी। सी-मार्ट में छत्तीसगढ़ हर्बल के उत्पाद सहित प्रदेश भर के स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार सामग्रियां एक ही स्थान पर मिलेगी। साथ ही हथकरघा, माटीकला बोर्ड और ग्रामोद्योग के सामान भी यहां उपलब्ध होंगे। सी-मार्ट मुख्य रूप से शहरी अधोसंरचना के साथ देशी उत्पादों का बाजार है, जहां लोग प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में तैयार अपने पसंदीदा सामानों की खरीदी कर पाएंगे।

## एक नजर

### बिलासपुर में इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस कोरोना पॉजिटिव



**बिलासपुर।** यूपी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस कोरोना पॉजीटिव हो गए। वे फिलहाल अवकाश के दौरान अपने गृहनगर बिलासपुर आये हुए थे। जहां वे कोरोना संक्रमित हो गए। उनका होम आइसोलेशन में इलाज किया जा रहा है। यूपी हाईकोर्ट के चीफ प्रिंतिकर दिवाकर पूर्व में छतीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस रहें हैं। वे बार कोटे से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में ही जस्टिस बने हैं और यही से अपनी न्यायिक सेवा शुरू की। काफी सालों तक छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में पदस्थ रहने के बाद उनका यूपी की इलाहाबाद हाईकोर्ट में तबादला हो गया। वे वहां बतौर जस्टिस के रूप में काम करते हुए हाल ही में हुए हाईकोर्ट जजों की पदोन्नति सूची में पदोन्नत होकर उत्तरप्रदेश के चीफ जस्टिस बन गए। उन्होंने अवकाश पर छतीसगढ़ आने से पहले दिल्ली के गुरुग्राम स्थित पैथोलॉजी लैब में अपना आरटीपीसीआर टेस्ट करवाया था।

# दो ट्रेनों के बीच आमने-सामने टक्कर एक लोको पायलट की मौत

## हादसे के बाद दोनों मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरे;इंजन में लगी भीषण आग

**बिलासपुर।** दक्षिण-पूर्व रेलवे SECR के बिलासपुर रेल मंडल में बुधवार को हुए भीषण रेल हादसे में एक लोको पायलट की मौत हो गई, वहीं 5 लोको पायलट गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए शहडोल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। शहडोल सेक्शन के सिंहपुर रेलवे स्टेशन पर ये रेल हादसा हुआ। जानकारी के मुताबिक, सिंहपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक मालगाड़ी से बिलासपुर से आ रही दूसरी मालगाड़ी सिग्नल ओवरशूट कर टकरा गई। इस दौरान एक अन्य मालगाड़ी वहीं से गुजर रही थी, हादसे वाली दोनों मालगाड़ी के डिब्बे तीसरी मालगाड़ी पर जा गिरे और इंजन में आग लग गई। हादसे में मौके पर ही एक लोको पायलट की मौत हो गई। वहीं



घायल 5 लोको पायलट को शहडोल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जिनकी हालत गंभीर है।

### लोको पायलट और सहायक लोको पायलट की मौत

जो मालगाड़ी खड़ी थी, उसमें पीछे की तरफ लगे इंजन में लोको पायलट राजेंद्र प्रसाद और सहायक लोको पायलट ऋ्षु राज सिंह थे। इंजन में पीछे से टक्कर लगते ही राजेंद्र प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ऋ्षु राज सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया



गया है, जिनकी हालत गंभीर है। बता दें कि हादसे के बाद मालगाड़ी के डिब्बे भी पटरी से उतर गए। घटना की सूचना मिलते ही बिलासपुर रेल मंडल के अधिकारी-कर्मचारी मौके के लिए रवाना हो गए। वहीं स्थानीय प्रशासन की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। यह घटना बुधवार सुबह करीब 7.15 बजे की है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के पीछे क्या वजह रही, ये जांच के बाद ही बताया जा सकेगा।

फिलहाल रेल यातायात बाधित है, जिसके कारण कटनी और बिलासपुर की ओर से आने-जाने वाली यात्री ट्रेनों और मालगाड़ियों को रोका गया है। बचाव कार्य चल रहा है, जल्द ही आवागमन दोबारा शुरू किया जाएगा।

दोनों मालगाड़ी में लोड था कोयला, सिग्नल ओवरशूट करते हुए एक मालगाड़ी ने दूसरी को मारी टक्कर।

### हादसे में 5 लोको पायलट घायल

इस भीषण हादसे में 5 लोको पायलट के घायल होने की बात भी सामने आ रही है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। बिलासपुर मुख्यालय से भी अधिकारियों की टीम रवाना कर दी गई।

### बिलासपुर-कटनी मार्ग की सभी ट्रेनें रोकी गईं

इस घटना की जानकारी मिलते ही बिलासपुर-कटनी मार्ग की सभी ट्रेनों को रोक दिया गया है। बताया जा रहा है कि सिंहपुर स्टेशन पर कोयला लोडेड मालगाड़ी खड़ी थी और सिग्नल रेड था। उसी समय कोयला लोडेड दूसरी मालगाड़ी भी उसी ट्रैक पर आ गई। बताया जा रहा है कि दूसरी मालगाड़ी सिग्नल ओवरशूट करते हुए इस मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे दोनों ट्रेनें डी रेल हो गई और इंजन में आग लग गई।

मंडावी के काफिले पर हमले ने खोली सरकार की पोल

# कांग्रेसी हमारे प्रवक्ताओं का नहीं कर पा रहे सामना-अरुण साव


**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं की बैठक ली है। इस बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि, अब तक की हमारी गतिविधियों और राजनीतिक हालातों पर चर्चा हुई है।आगे किस तरह हम काम करेंगे, क्या योजनाएं है, उस पर बातचीत हुई। आने वाले समय में हम पार्टी की गतिविधियों को और बढ़ाएंगे। 2023 में भाजपा की सरकार बने इसके लिए पूरी ताकत से जुटेंगे। कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के



काफिले पर हुए नक्सल हमले को लेकर अरुण साव ने कहा कि, सीएम लगातार बोलते हैं नक्सल गतिविधियां बंद हो गई है, लेकिन इस घटना से सरकार की पोल खुल गई है। वास्तविकता जानने सरकार को इसकी जांच करानी चाहिए। सरकार लगातार इस विषय पर झूठ बोल रही है। इस घटना से बस्तर के क्या हालत हैं, इसकी पोल खुल गई है। भाजपा के दो प्रवक्ताओं को डिबेट से बायकट करने पर प्रदेश अध्यक्ष साव ने कहा कि, ये कांग्रेस पार्टी की हताशा है। कांग्रेस सरकार एक तरफ जनता का सामना नहीं कर पा रही। अब डिबेट में भाजपा प्रवक्ताओं का सामना नहीं कर पा रहे हैं। कांग्रेस हताशा में इस तरह की कार्यवाही कर रही है। हम जनता के प्रति जवाबदेह है। सरकार के गलत नीतियों को हर फोरम में जाकर उठते रहेंगे। बीजेपी नेताओं के विधानसभा वार दौरों पर अरुण साव ने कहा कि, स्थानीय मुद्दों को लेकर काम करते रहे हैं। आगे भी इसको लेकर काम करेंगे। विधानसभा का दौरा चल रहा है, उसमें सभी बड़े नेता कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं।

# पायलट के समर्थन को कांग्रेसी मानते हैं पार्टी विरोधी-टीएस सिंहदेव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने बड़ा बयान दिया है। मंत्री सिंहदेव ने कहा, हम अपनी ही सरकार की आलोचना नहीं कर सकते और इसीलिए पार्टी के नेताओं को लगता है कि सचिन पायलट के समर्थन में दिया गया बयान पार्टी विरोधी है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा है कि हम सचिन पायलट के संपर्क में हैं और वह पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं। इससे पता चलता है कि कांग्रेस मामले को सुलझाने की कोशिश कर रही है। टीएस सिंहदेव ने राजस्थान के कांग्रेस नेता सचिन पायलट के पक्ष में बयान देकर सियासी सरगर्मी बढ़ा दी थी। उन्होंने एक बयान में कहा था कि सचिन पायलट ने कोई लक्ष्मण रेखा पार की ऐसा मुझे नहीं लगता है। यह पार्टी विरोधी गतिविधि




नहीं है। सचिन पायलट को लगता होगा कि चुनाव के समय उन्हें मतदाता को जवाब देना पड़ेगा, क्योंकि उन्होंने कहा था कि वसुंधरा राजे की सरकार में बहुत भ्रष्टाचार हुआ है।

और वे इसकी जांच कराएंगे लेकिन उन्होंने नहीं कराई। अब आप जनता के पास जाएंगे तो जनता आपसे जवाब मांगेगी। कहेगी हम आपको वोट क्यों दें, आपने जो कहा उससे मैं सहमत हूं।

छत्तीसगढ़ में स्कूलों की टाइमिंग बदली

# भीषण गर्मी के चलते लिया गया फैसला, सीएम भूपेश ने ट्वीट कर दी जानकारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी और लू जैसे हालात को देखते हुए स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव का आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के मुताबिक एक ही पाली में चलने वाले स्कूल अब सुबह 7 से 11 बजे तक लगेंगे। ऐसे स्कूल जहां कक्षाएं 2 पालियों में संचालित होती हैं, वहां प्राइमरी और मिडिल की कक्षाएं सुबह 7 से 11 बजे तक के लगेंगी। हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की क्लासेस सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक लगेंगी। शिक्षा विभाग की ओर से जारी किया गया यह आदेश 20 से 30 अप्रैल तक प्रभावशील रहेगा। चिलचिलाती गर्मी और लू से छात्रों और शिक्षकों के बचाव के लिए निर्णय लिया गया है।




### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अपील

स्कूलों की बदली गई टाइमिंग का आदेश जारी करते हुए सीएम ने ट्वीट करते हुए ये अपील की है कि प्रदेश में तेज गर्मी को देखते हुए सभी शासकीय/अशासकीय स्कूल, शैक्षणिक संस्थाओं के



संचालन समय में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है।आप सब अपना और अपने बच्चों का ख़्याल रखें।

### इसके पहले रायपुर के लिए जारी हुआ था आदेश

वहीं रायपुर में स्कूल की टाइमिंग में 5 अप्रैल से पहले ही बदलाव कर दिया गया था। 5 अप्रैल से स्कूल सुबह 7.30 बजे से खुल रहे हैं। ये फैसला बढ़ती गर्मी के चलते लिया गया था। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी जी.एल ठाकुर ने आदेश जारी किया था।

### इस साल पड़ेगी सामान्य से ज्यादा गर्मी


इससे पहले मौसम विभाग ने कहा था कि इस साल जून से अप्रैल तक देश के ज्यादातर हिस्सों में तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा। वहीं, सेंट्रल, ईस्ट और नॉर्थ-वेस्ट हिस्से में लू भी सामान्य से ज्यादा चलेगी।

### देश में कल तापमान 44 डिग्री के पार पहुंचा था, आज मिली कुछ राहत

*छत्तीसगढ़ में मंगलवार को तापमान 44 डिग्री के पार पहुंच गया था।*

अब पोषण-पढ़ाई साथ-साथ

# मुख्यमंत्री बघेल ने किया नालंदा परिसर में शहर के दूसरे मिलेट कैफ़े का शुभारंभ



**रायपुर।** नालंदा परिसर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहर के पहले मिलेट कैफ़े का शुभारंभ किया। अब नालंदा परिसर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आने वाले विद्यार्थी सहित रायपुर शहरवासियों को भी रागी, कोदो-कुटकी, ज्वार, संवा जैसे मिलेट्स से बने व्यंजनों का स्वाद मिल सकेगा। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में आज शहरवासियों से भेंट मुलाक़ात करने के दौरान मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस कैफ़े की शुरुआत की। राजधानी रायपुर के दूसरे मिलेट कैफ़े का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि अब नालंदा परिसर में पढ़ने आने वाले छात्र- छात्राओं को पोषक मिलेट्स के आहार मिलेंगे। पोषण के लिहाज़ से भी यह कैफ़े विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इससे उनको अब जंक फ़ूड नहीं खाने पड़ेंगे और पढ़ाई के साथ स्वस्थ रहने की चुनौतियों से विद्यार्थी आसानी से निपट सकेंगे।

**भेंट-मुलाकात कार्यक्रम-** पश्चिम विधानसभा में बीएसयूपी कालोनियों में पेयजल, सीवरेज की व्यवस्था होगी दुरूस्त

# मुख्यमंत्री ने किया 121 करोड़ 53 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

रायपुर। भेंट मुलाकात कार्यक्रम के अवसर पर पश्चिम विधानसभा में गुढ़ियारी स्थित सीएसईबी ग्राउंड में आमजनों से चर्चा कर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पश्चिम विधानसभा में बीएसयूपी कालोनियों में सीवरेज, पेयजल, मरम्मत कार्य आदि की सुविधाओं के साथ ही रायपुरा स्थित पंडित गिरिजाशंकर मिश्र हायर सेकेंडरी स्कूल को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में उन्नयन की घोषणा की।




इस मौके पर कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, संसदीय सचिव एवं रायपुर पश्चिम विधानसभा विधायक श्री विकास उपाध्याय, रायपुर नगर निगम के महापौर श्री एजाज ढेबर, सभापति श्री प्रमोद दुबे एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारीगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 121 करोड़ 53 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया। लोकार्पित होने वाले कार्यों में 118 करोड़ रुपए के कार्यों के साथ ही 3 करोड़ रुपए के भूमिपूजन कार्यों की सौगात भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नागरिकों से योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की और हितग्राहियों से पूछा कि उन्हें योजनाओं का लाभ किस तरह से मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने इसकी शुरूआत राशन कार्ड से की। राजेश्वरी साहू ने बताया कि उनका राशन कार्ड तो बना है लेकिन बीपीएल का राशन कार्ड नहीं बना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री को इस संबंध में पत्र लिखा है कि जनगणना और सर्वे जल्द कराएं ताकि सभी पात्र लोगों को लाभ दिया जा सके। तेलगु पारा की यशोदा साहू ने बताया कि चावल तो निःशुल्क मिलता है। शक्कर भी सस्ता है लेकिन रसोई गैस महंगा होने की वजह से चूल्हे से खाना बनाती हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि रसोई गैस की कीमतों का निर्धारण राज्य सरकार के स्तर पर



नहीं होता। सैजेस से हर साल बच रहे 50 हजार रुपए- मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्र-छात्राओं से भी बातचीत की। मोहबा बाजार स्थित सैजेस स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र अथर्व शर्मा ने कहा कि उनके अभिभावक प्राइवेट स्कूल में 50 हजार रुपए तक फीस देते थे।

बाल-बाल बचे उच्च शिक्षा मंत्री

# काफिले की गाड़ी ने ही कार को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल की कार सड़क हादसे का शिकार हो गई। उनके काफिले के साथ चल रही गाड़ी ने ही उनकी कार को टक्कर मार दिया। जिससे वे मामूली रूप से घायल हो गए। इस हादसे में उनकी कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बिलासपुर में उन्होंने इलाज कराया और कार बदलकर अपने गांव खरसिया रवाना हो गए। घटना हिर्री थाना क्षेत्र के पास की है। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल मंगलवार की देर शाम रायपुर से अपने काफिले के साथ खरसिया जाने के लिए निकले थे। बताया जा रहा है कि घटना रात करीब 9 बजे की है। उमेश पटेल का काफिला रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे स्थित





भोजपुरी टोल प्लाजा से होकर आगे बढ़ रहा था। इस दौरान मंत्री पटेल अपनी कार में ही भोजन कर रहे थे। लिहाजा, उन्होंने ड्राइवर से गाड़ी धीरे चलाने के लिए बोला। उनकी कार की रफ्तार कम हुई, तब उनके पीछे चल रहे फालोगार्ड के चालक ने ध्यान नहीं दिया और तेज रफ्तार गाड़ी से सीधे मंत्री की कार को पीछे से टक्कर मार दिया। जिसके बाद मंत्री की कार बेकाबू होकर सामने डिवाइडर से टकरा गई।

हादसे में मंत्री उमेश पटेल के सिर, पैर सहित अन्य हिस्सों में मामूली चोट आई है। घटना के बाद वे बिलासपुर पहुंचकर एक निजी सिटी स्कैन सेंटर में जांच कराया। फिर छत्तीसगढ़ भवन पहुंच गए। छत्तीसगढ़ भवन में भी डॉक्टरों की टीम ने उन्हें चेक किया। हादसा कितना गंभीर था इसका अंदाजा उनकी क्षतिग्रस्त कार को देखकर लगाया जा सकता है। उनकी कार आगे और पीछे से बुरी तरह से डैमेज हो गई है।

# कानून के शासन की वकालत अच्छी बात है, मगर अतीक के अतीत को भी देखना चाहिए

*कानून के शासन की बात करने वाले इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि चार दशक से भी अधिक समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अतीक और उसके साथियों के समक्ष कानून के हाथ निष्क्रिय बने हुए थे। कानून के शासन की चिंता करने वाले नेताओं को यह बताना चाहिए कि ऐसा क्यों था? चालीस सालों तक सियासत की दुनिया में जिस अतीक अहमद का सिक्का सबसे खरा था, उसी माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ को कैमरे के सामने तीन शूटरों ने मौत के घाट उतार दिया।*

अशरफ और अतीक के खामोश हो जाने के बाद अब गुड्डु मुस्लिम को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। गुड्डु मुस्लिम ही अतीक अहमद का पूरा नेटवर्क चलाता था।

फिलहाल 5 लाख का इनामी गुड्डु फरार है। पुलिस संरक्षण में होने वाली इस तरह की हत्याओं पर लंबे समय तक सवाल उठते रहेंगे। प्रयागराज में बसपा विधायक रहे राजूपाल की हत्या के चश्मदीद गवाह उमेश पाल की फरवरी के अंतिम सप्ताह में हत्या कर दी गई। हत्या के बाद पूरे प्रदेश में सियासी माहौल गर्म हो गया। योगी सरकार पर लोग सवाल उठाने लगे थे कि प्रदेश को माफिया मुक्त करने का दावा खोखला साबित हो रहा है। अतीक जैसे माफिया जेल में होने के बाद भी खुली सड़क पर निर्दोष लोगों की हत्या कर रहे हैं। पुलिस को भी निशाना बनाया जा रहा है। इस घटना में निर्दोष गनर भी हत्या के शिकार हुए। सरकार को बुलडोजर नीति और अपराध मुक्त प्रदेश को लेकर कटघरे में खड़ा किया जाने लगा। इस घटना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद गंभीरता से लिया। उन्होंने खुद विधानसभा में ऐलान किया था कि अपराधियों को मिट्टी में मिला देंगे। जब अतीक जैसे माफिया के खिलाफ सरकार एक्शन मोड में आ गई तो विपक्ष फिर वोट बैंक के डर से धर्म और मजहब की आड़ लेने लगा। उमेश पाल की हत्या पर जो समाजवादी पार्टी घड़ियाली आंसू बहा रही थी वहीं अतीक के खिलाफ कार्रवाई पर सियासी राग अलापने लगी।



योगी की एनकाउंटर नीति पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या कानून और संविधान को खत्म कर देना चाहिए? संविधान और कानून का क्या मतलब है? फिर अदालत और जज जैसे पद को खत्म कर दिया जाना चाहिए। अपराधियों को सजा देने के लिए अदालत और संविधान है। एनकाउंटर कहीं का इंसाफ नहीं है। ओवैसी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून का एनकाउंटर किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी एनकाउंटर को फर्जी बताया। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए। फिर अतीक ने उमेश पाल की हत्या क्यों करवाई क्या ऐसा होना चाहिए था। अगर नहीं तो ओवैसी क्यों चुप थे।

कानून के शासन की बात करने वाले इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि चार दशक से भी अधिक समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अतीक और उसके साथियों के समक्ष कानून के हाथ निष्क्रिय बने हुए थे। कानून के शासन की चिंता करने वाले नेताओं को यह बताना चाहिए कि ऐसा क्यों था? अतीक और अशरफ आतंक के पर्याय बन गए थे तो इसी कारण, क्योंकि उन्हें बेहद निर्लज्जता के साथ हर तरह का राजनीतिक संरक्षण दिया गया। राजनीति अपराधियों को किस तरह संरक्षण देकर उन्हें सभ्य समाज के साथ विधि के शासन के लिए खतरा बनाती है, अतीक इसका उदाहरण था। यह हास्यास्पद है कि आज वे राजनीतिक दल भी कानून के शासन की बात कर रहे हैं, जिन्होंने अतीक के काले कारनामों से परिचित होते हुए भी उसे संरक्षण दिया। अतीक और उसके भाई को मारने वालों की उनसे क्या दुश्मनी थी अथवा उन्होंने किसके कहने पर उन्हें मारा। प्रयागराज में पुलिस की उपस्थिति और टीवी कैमरों के सामने माफिया सरगना अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या पुलिस की कार्यप्रणाली और उसकी चौकसी को लेकर अनेकों सवाल खड़ी करती है। गंभीर प्रश्न यह है कि इतने खतरनाक अपराधी को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल ले जाते समय मीडिया के समक्ष पेश करने की क्या आवश्यकता थी और वह भी रात के वक्त? पुलिस को इसका भान होना चाहिए था कि अतीक-अशरफ के दुश्मन या फिर उससे प्रताड़ित लोग उसे निशाना बनाने की कोशिश कर सकते हैं? आखिरकार ऐसा ही हुआ।

पत्रकार बनकर पहुंचे तीन अपराधियों ने अतीक और उसके भाई को गोलियों से भून दिया और कोई कुछ नहीं कर सका। पुलिस इस हत्या के कारणों की तह तक जाए, बल्कि यह भी जरूरी है कि अपराधियों की मीडिया के समक्ष नुमाइश करना बंद करे। वास्तव में यह काम देश में कहीं भी नहीं होना चाहिए, क्योंकि इसके पहले भी थाना-कचहरी में अपराधियों को ठिकाने लगाया जा चुका है। कोई कितना भी बड़ा अपराधी हो, उसे तय कानूनी प्रक्रिया के तहत ही सजा मिलनी चाहिए। कानून के शासन की रक्षा और प्रतिष्ठा के लिए यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। अतीक और उसके भाई अशरफ को ऐसी मौत मिलेगी किसी ने सोचा भी नहीं था। अतीक अहमद भी अपनी हत्या की आशंका व्यक्त कर चुका था और साफ-साफ कह रहा था कि इनकी नीयत सही नहीं है, "मेरी हत्या करवा दी जाएगी।" जिस वक्त यह हत्याएं हुईं उस वक्त पुलिस अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जा रही थी। पुलिस के घेरे में जिस तरीके से तीन हमलावरों ने अतीक की कनपटी पर गोली दागी और अशरफ को बेहद नजदीक से गोलियां मारीं और उसके बाद धार्मिक नारेबाजी की, वह हैरान कर देने वाला है।

ललित गर्ग

## संपादकीय

### राहुल पर चढ़ रहा है नीतीश का रंग

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहली बार खुल कर जातीय जनगणना का समर्थन किया है। यह नीतीश कुमार इफेक्ट है। पिछले हफ्ते नीतीश दिल्ली आए थे और मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी से उनकी लंबी मुलाकात हुई थी। उसके बाद रविवार को राहुल कर्नाटक के कोलार में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने यूपीए के शासन में 2011 में हुई जनगणना के जातिवार आंकड़े जारी करने की चुनौती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी। इतना ही नहीं रैली के बाद राहुल ने एक ट्विट किया, जिसमें कहा- जितनी आबादी, उतना हक! जातीय जनगणना हर वर्ग को सही प्रतिनिधित्व देने का आधार है, वंचितों का अधिकार है।

अब तक राजद, जदयू, सपा या इस तरह की कुछ और प्रादेशिक पार्टियां जातीय जनगणना का समर्थन कर रही थीं। पहली बार है, जब कांग्रेस ने इस तरह से खुल कर जातियों की गिनती की बात कही है। इससे दो बातें साफ हो गई हैं। पहली बात तो यह कि नीतीश कुमार कांग्रेस को अपना एजेंडा समझाने में सफल हो गए हैं। ध्यान रहे बिहार में जातीय जनगणना चल रही है। उसका दूसरा चरण शुरू हो गया है और अगले दो-तीन महीने में इसके आंकड़े आ जाएंगे। दूसरी बात यह साफ हो गई है कि अगला चुनाव कांग्रेस और उसके गठबंधन के सहयोगी सामाजिक न्याय के मुद्दे पर लड़ेंगे।

कांग्रेस के जानकार सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी को नीतीश की बात समझ में आई है। बताया जा रहा है कि जब नीतीश मिलने पहुंचे तो राहुल बहुत अनिच्छुक थे। वे चुपचाप बैठे हुए थे काफी देर तक नीतीश अकेले बोलते रहे।

## जलवायु पर भी असर डालता है फैशन, अपशिष्ट जल और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में ये है हिस्सेदारी

*फैशन/परिधानों ने हमेशा पर्यावरणीय परिस्थितियों से शरीर की रक्षा करने से कहीं अधिक काम किया है। एक विशेष समय का फैशन उसकी सामाजिक मानसिकता, आर्थिक स्थिति, पर्यावरणीय स्थिति, राजनीतिक मामलों, तकनीकी प्रगति इत्यादि को दर्शाता है। इतिहास के दौरान फैशन किसी भी समाज में परिवर्तन का मानचित्रण करने में एक प्रभावी उपकरण साबित हुआ है।*

औद्योगिक क्रांति के बाद पावरलूम के उच्च उत्पादन स्तर, भारत और अन्य विकासशील देशों में सस्ते उपलब्ध श्रम और वस्त्र बनाने के लिए सिंथेटिक सामग्री की आसान उपलब्धता के कारण कपड़ा उद्योग कई गुना बढ़ गया है। हालांकि कई रंगों में अंतहीन डिजाइन विकल्पों के साथ सस्ते में उपलब्ध कपड़ों का अपना नुकसान है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि 25 खरब डॉलर का फैशन उद्योग वैश्विक अपशिष्ट जल का करीब 20 फीसदी उत्पादन करता है और अपनी लंबी आपूर्ति शृंखला और ऊर्जा गहन उत्पादन के कारण वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में लगभग 10 प्रतिशत योगदान देता है। इसके साथ ही मैकिंसे के एक अध्ययन के अनुसार, हर साल पांच नए कपड़ों के उत्पादन के पीछे तीन कपड़ों के बराबर सामग्री बर्बाद हो जाती है। शोध के अनुसार, हमारे 90 फीसदी कपड़े जरूरत से पहले ही



फैशन उद्योग वैश्विक अपशिष्ट जल का करीब 20 फीसदी उत्पादन करता है और वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में करीब 10 फीसदी योगदान देता है।

फेंक दिए जाते हैं। फैशन के अंधाधुंध उत्पादन और खपत ने एक खतरनाक स्थिति पैदा कर दी है, जैसा कि आंकड़ों से स्पष्ट है। हाल के कुछ वर्षों में, फैशन का कुछ गैर-संवेदनशील फैशन लेबलों द्वारा डिस्पोजेबल वस्तु के रूप में विपणन किया जा रहा है। आम आदमी अक्सर फैशन की दुनिया के चमकदार ग्लैमर पक्ष से मोहित और प्रभावित हो जाता है। फैशन के दिखावे के पीछे की सच्चाई अब भी आम आदमी से छिपी हुई है। आम आदमी कभी-कभी बाजार में आए फैशन का आंख मूंदकर अनुसरण करता है, यह जाने बिना कि फैशन ट्रेंड्स आते हैं और चले जाते हैं और कुछ ट्रेंड्स एक सीजन तक भी नहीं टिकते, जो पुनः एक चिंताजनक स्थिति पैदा कर रहा है। इसलिए उपभोक्ता के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि वह अपने निर्णय के बारे में जागरूक हो कि क्या और कितना कपड़ा खरीदना है। दिलचस्प बात यह है कि मनुष्य में दूसरों से अलग दिखने, अपनी बेहतर जीवन शैली और बेहतर सामाजिक प्रतिष्ठा दिखाने की प्रवृत्ति होती है, और फैशन ऐसा करने का सबसे उपयुक्त तरीका बन जाता है। हालांकि, फैशन का अंधाधुंध पालन करने से यह स्थिति पैदा हो गई है कि वर्तमान में पृथ्वी जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, जलीय जीवन के लिए खतरे आदि से लड़ रही है। इन सभी का हल करने के लिए जीवन शैली में और प्रत्येक उद्योग के कार्य करने के तरीके में कुछ क्रांतिकारी परिवर्तन करना आवश्यक हो गया है। इस संदर्भ में, प्रकृति के शुभचिंतकों द्वारा धीमे अथवा स्लो फैशन का समर्थन किया जाता है। इस शब्द का इस्तेमाल शोधकर्ता केट फ्लेचर ने जर्नल द इकोलॉजिस्ट के एक लेख में किया था। हालांकि यह अवधारणा पहले से ही भारतीय समाज की सांस्कृतिक प्रथाओं में आत्मसात थी। नवजात के लिए कपड़े सिलना, शादी का साजो-सामान खुद तैयार करना, माताओं के कपड़े उनकी बेटियों को सौंपना, बड़े भाई-बहनों के इस्तेमाल किए हुए कपड़ों को छोटों के साथ बांटना, जरूरत पड़ने पर कपड़ों की मरम्मत करना इसके कुछ उदाहरण हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूक लोगों की जरूरतें पूरी करने के लिए कई छोटे पैमाने के ब्रांड इस अवसर का उपयोग कर कुछ स्लो फैशन संग्रह लॉन्च कर रहे हैं। इस संबंध में भारतीय साड़ी को स्लो फैशन का सबसे अच्छा उदाहरण माना जाता है, क्योंकि यह किसी भी बॉडी टाइप पर फिट हो सकती है, और इसे कई तरह से स्टाइल किया जा सकता है।

बबिता भंडारी

## मिला जुला

# श्री रामलला का होगा भव्य जलाभिषेक
# चीन-पाकिस्तान समेत 156 देशों से पहुंचा जल



**नई दिल्ली** रामनगरी अयोध्या में भगवान रामलला के मंदिर का निर्माण कार्य जोर शोर से चल रहा है. माना जा रहा है कि करीब एक साल से कम वक्त में मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा. इसी कड़ी में श्री राम जन्मभूमि का भव्य जलाभिषेक होना है. खास बात ये है कि रामलला का जलाभिषेक न सिर्फ भारत की पवित्र नदियों, बल्कि 156 देशों की नदियों और समुद्र के जल से होगा. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 23 अप्रैल को रामलला का जलाभिषेक करेंगे.

### दुबई के रास्ते लाया गया पाकिस्तान से जल

भाजपा नेता विजय जॉली ने बताया कि पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की पवित्र नदियों में से एक रावी नदी का जल भी इसमें शामिल है. हालांकि पाकिस्तान से जल लाना आसान नहीं था, लेकिन फिर दुबई के रास्ते इस जल को भारत लाया गया. एक साल से चल रहे रशिया-यूक्रेन युद्ध के बीच हालात कुछ अच्छे नहीं हैं, लेकिन प्रभु श्री राम की जन्मभूमि के जलाभिषेक के लिए दोनो देशों ने मदद की और दोनों ही देशों से जल लाया गया.

### राजनयिक और आध्यात्मिक गुरु होंगे शामिल

जलाभिषेक कार्यक्रम में सिर्फ पाकिस्तान और रूस ही नहीं, बल्कि फ्रांस, जर्मनी, जॉर्जिया, स्विट्जरलैंड, इटली, इराक, कनाडा, चीन, भूटान, अफगानिस्तान, ब्राजील, डेनमार्क जैसे कुल मिलाकर 156 देशों का जल शामिल है. जलाभिषेक कार्यक्रम में देश ही नहीं. विदेशों के भी राजनयिक, धार्मिक और आध्यात्मिक गुरुओं के साथ गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित करने की तैयारी है.

# चीनी अस्पताल में आग, 29 लोगों की मौत

बीजिंग. चीन की राजधानी बीजिंग के अस्पताल में आग लग गई। इसके बाद लोग अपनी जान बचाने के लिए बेडशीट के सहारे खिड़की से कूद गए। कुछ लोग एयरकंडीशनिंग यूनिट के ऊपर भी खड़े हो गए। हादसे में 29 लोगों की मौत हो गई। हालांकि, पुलिस ने बताया कि कूदने की वजह से किसी की जान नहीं गई। कई लोग घायल हुए। इस घटना के वीडियो सामने आए हैं।

फायर सेफ्टी डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने बताया कि आग मंगलवार दोपहर चेन्फेंग गवर्नमेंट केयर सेंटर नाम के हॉस्पिटल में लगी। घटना के फौरन बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। दो घंटे की मशक्कत के बाद 71 लोगों को बचाया गया। उन्होंने कहा- आग लगने के बाद कई लोग खिड़कियों से कूद गए। उन्हें काफी चोट आई है। कई लोगों को गंभीर हालत में पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### जान बचाने बेडशीट के सहारे लटके, एसी यूनिट के ऊपर भी खड़े रहे



### मदद के लिए चिल्ला रहे थे लोग

घटना के एक वीडियो में देखा जा सकता है कि एक महिला 7वीं मंजिल से बेडशीट को रस्सी की तरह इस्तेमाल करते हुए खिड़की के बाहर लटक जाती है। फिर धीरे-धीरे बेडशीट के सहार नीचे आती है। नीचे आते ही वो दूसरी बिल्डिंग की छत पर उतर जाती है। छत पर उसके साथ कई अन्य लोगों को भी देखा जा सकता है।

दूसरे वीडियो में देखा जा सकता है कि अस्पताल में लगेि ष्ट यूनिट पर कई लोग खड़े हैं। वो मदद के लिए चिल्ला रहे थे। कुछ लोग तो बिना किसी मदद या सहारे के वहां से कूद गए।

### आग लगने की वजह साफ नहीं

अब तक यह साफ नहीं कि आग किस वजह से लगी। पुलिस ने एक बयान में कहा- इसकी वजह शॉर्ट सर्किट भी हो सकती है। हम जांच कर रहे हैं। फिलहाल, ये कहना मुश्किल है कि आग किस वजह से लगी। अब तक सर्च ऑपरेशन के दो राउंड हो चुके हैं। आधें घंटे में ही आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया था।

## एक नजर

### एकनाथ शिंदे के साथ सरकार फिर भी बीजेपी को नए दोस्त की दरकार!



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में फूट की अटकलों के बीच अजित पवार ने अपना मत साफ कर दिया है। उनका कहना है कि जिंदा रहते वह एनसीपी के साथ ही रहेंगे। इस सियासी घटनाक्रम में भारतीय जनता पार्टी की भी भूमिका मानी जा रही थी, लेकिन सवाल है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ सरकार चला रही पार्टी को राज्य में नए साथी की जरूरत क्यों पड़ गई? खास बात है कि अयोग्यता को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसला का इंतजार महाराष्ट्र की राजनीति को है। अब एक मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भाजपा एकनाथ और उनके विधायकों के खिलाफ फैसला आने की स्थिति को लेकर अपनी तैयारी कर रही है। ऐसे में उन्हें राज्य में सरकार बनाने के लिए एक और मजबूत साथी की जरूरत होगी। रिपोर्ट के अनुसार, अजित के करीबी एक एनसीपी नेता का कहना है कि शिंदे की अगुवाई में सरकार का प्रदर्शन अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सरकार किसानों के मुद्दों पर फेल हो गई है और न ही राज्य के लोगों के लिए कोई सकारात्मक फैसले ले रही है। उन्होंने कहा कि 2024 आम चुनाव को देखते हुए भाजपा का राज्य में अधिकतम सीटें जीतना मुश्किल हो जाएगा।

### अतीक का खास गुर्गा 50 हजार का इनामी असाद कालिया गिरफ्तार

प्रयागराज. माफिया अतीक अहमद गिरोह के एक और शूटर आसाद कालिया को यूपी पुलिस ने बुधवार को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। कालि?या माफिया अतीक का बेहद करीबी सदस्य बताया जाता है। असाद कालिया कई मामलों में वांछित चल रहा था। पुलिस ने उसपर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। एसओजी ने अतीक अहमद के खास गुर्गे को धूमनगंज और पूरामुफ्ती पुलिस के साथ घेरकर दबोचा। उसके दो और साथी भी पकड़े गए हैं। उससे तमाम घटनाओं के बारे में पूछताछ की जा रही है। दिसंबर 2021 से अब तक असाद के खिलाफ धमकाने और रंगदारी मांगने के चार मुकदमे दर्ज हो चुके हैं।

## भारत में अब सबसे ज्यादा आबादी, पीछे छूटा चीन; यूएन ने बताया क्यों तेजी से इजाफा

**नई दिल्ली.** भारत अब दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। इसी साल जनवरी में भारत के चीन से आबादी में आगे निकलने की खबर आई थी, लेकिन अब संयुक्त राष्ट्र ने भी इस बात पर मुहर लगा दी है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के आंकड़ों के मुताबिक भारत की आबादी फिलहाल चीन के मुकाबले 29 लाख ज्यादा है। हालांकि



यह स्पष्ट नहीं है कि भारत ने चीन को जनसंख्या के मामले में कब पीछे छोड़ा। यूनाइटेड नेशंस पॉप्युलेशन फंड की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया की आबादी अब 8 अरब से ज्यादा हो गई है। जनसंख्या कोष की रिपोर्ट का शीर्षक 'अब अरब जिंदगियां, अनंत संभावनाएं' है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक भारत की आबादी अब 1 अरब 42 करोड़ 86 लाख है तो वहीं चीन की आबादी अब 1 अरब 42 करोड़ 57 लाख है।

## टीएमसी नेता मुकुल रॉय ने फिर भाजपा में शामिल होने की घोषणा की

**नई दिल्ली.** तृणमूल कांग्रेस के नेता मुकुल रॉय ने फिर से भाजपा में जाने की घोषणा की है। उन्होंने दिल्ली में मीडिया से कहा कि वह यहां गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। उन्होंने अपने बेटे के उस बयान को भी गलत बताया कि उनका पता नहीं चल रहा। रॉय ने कहा, मैं अपनी मर्जी से दिल्ली आया हूं। भाजपा ने यहां मेरे लिए सारी व्यवस्था की है। मुकुल रॉय ने कहा, मैं अब भी भाजपा विधायक हूं और पार्टी के साथ ही रहना चाहता हूं। मुकुल रॉय का फिर से भाजपा में शामिल होने का फैसला तृणमूल



कांग्रेस और ममता बनर्जी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। दरअसल पिछले विधानसभा चुनाव से पहले रॉय बंगाल में भाजपा के बड़े नेताओं में थे और विधायक भी बने थे। लेकिन पार्टी के सत्ता में न आ पाने के बाद वह तृणमूल में शामिल हो गए थे।

सोमवार को रॉय के बेटे सुभ्रांशु ने उनके लापता होने बात कही थी। उन्होंने कहा था कि रॉय रात की उड़ान से दिल्ली जाने वाले थे, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल रहा है। उन्होंने अपने पिता की मानसिक हालत ठीक न होने की भी बात कही थी और भाजपा पर आरोप लगाया था कि वह उनके बीमार पिता को लेकर गंदी राजनीति कर रही है।

# आदर्श ग्रामों में मूलभूत आवश्यकताओं को करें पूरा

## बेरोजगारी भत्ता दिलाने गांवों में पुन: प्रचार-प्रसार एवं मुनादी कराये-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में जनशिकायतों एवं जनसमस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा कर लंबित प्रकरणों के निराकरण और निराकृत हो चुके प्रकरणों को टीएल सूची से विलोपित कराने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी बेरोजगारी भत्ता योजना के क्रियान्वयन की प्रगति एवं वन अधिकार अधिनियम के तहत जिले के आदर्श ग्रामों की गहन समीक्षा की। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के सत्यापन के लिए गठित भौतिक सत्यापन दल को प्रतिदिन आवेदनों का सत्यापन करने के निर्देश देते हुए ऑनलाइन भरे जा रहे आवेदनों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद स्तर पर तथा क्लस्टर स्तर पर प्रतिदिन आवेदनों की प्रगति लेने के निर्देश दिये। 12 वीं पास शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिलाने के लिए पुन: प्रचार-प्रसार एवं ग्राम पंचायतों में मुनादी कराने के निर्देश जनपद सीईओ दिये। उन्होंने जिले के ग्रामीणों सहित नगरीय क्षेत्रों में भूमिहीन परिवारों से प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेते हुए कहा कि यह योजना मजदूरों को आर्थिक रूप से सहायता प्रदान करने के लिए बनायी गयी है। इस योजना का लाभ ऐसे परिवारों को पहुंचाना है जिनका आय का साधन मजदूरी के अलावा कुछ भी नहीं है। इनमें वे परिवार भी शामिल है जिनके पास खेती के लिए जमीन नहीं है और वे मनरेगा या कृषि मजदूरी से जुड़े है। शहरी क्षेत्रों में बैगा, गुनिया तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पण्डो जनजाति के लोगों से आवेदन मंगाने के निर्देष दिये। उन्होंने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों डीडीओ को निर्देशित करते हुए कहा है कि डाटा एंट्री के दौरान अधिकारी कर्मचारी सर्विस बुक के अनुसार नाम, जन्मतिथि, गृह जिला तथा कार्यालय में दिव्यांग या निशक्त कर्मचारी यदि हो तो उनका प्रमाण प्रत्रए पासपोर्ट साइज फ ोटो, चेक लिस्ट से मिलान कर डाटा अद्यतन करने के निर्देश दिये।

### वन अधिकारी अधिनियम के तहत गांवों की ली जानकारी

कलेक्टर ने वन अधिकार अधिनियम द्वारा निरस्त किये गये आवेदनों का पुन: परीक्षण करने व ग्राम स्तर एफ्आरए के लंबित आवेदनों को जांच के निर्देश दिये। उन्होंने चयनित आदर्श ग्राम में राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना एवं राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ मिलने वाले ग्रामों की ब्लॉकवार समीक्षा की। जिले के प्रत्येक विकासखंड में एक आदर्श ग्राम बुंदिया, जाज, खड़गवां कला, तारा, बरबसपुर तथा सोनवाही का चयन किया गया है। कलेक्टर ने सभी आदर्श ग्रामों की जानकारी लेते हुए इन ग्रामों में मनरेगा से रोजगार मूलक कार्य उपलब्ध कराने के साथ ही राशनए पेंशनए श्रम पंजीयन कार्डए आयुष्मान कार्डए आधार कार्डए किसानों के केसीसी कार्ड के माध्यम से ऋृण उपलब्ध कराने के साथ ही संबंधित विभाग को कैंप लगाने के निर्देश दिए। वन विभाग को वन सम्पदा योजनान्तर्त विभिन्न रोजगार मुहैया कराने तथा कृषि विभाग को मिलेट मिशन के अनुसार लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कृषि विभागए वन विभाग को इन ग्रामों में कैम्प लगाकर रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। विद्युत विभाग को आदर्श ग्रामों में बिजली की समस्या सुधारने तथा पीएचई विभाग को हैंड पम्प के सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने आदर्श ग्राम में खेल के मैदानए पुस्तकालयए लैब सहित विभिन्न मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद सीईओ से गांव में बने देवगुडी की जानकारी लेते हुए कहा कि गांव के प्रवेश वाले स्थानों पर एक बोर्ड बनवाकर गांव की सामान्य जानकारी पटल पर अंकित करें।

### अधिकारी मतदान से पूर्व तैयारी करें पूर्ण

कलेक्टर ने जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों के सत्यापन की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये है कि मतदान से पूर्व सभी तैयारी पूर्ण कर लें। जहां-जहां मतदान होना है वहां पर प्रकाश, पानी, पेयजल, शौचालय, रैम्प के साथ रेलिंग के कार्यों की संयुक्त समीक्षा कर शीघ्र पूर्ण कर लें। उन्होंने मरम्मत योग्य भवन का जीर्णोद्धार करने के साथ ही परिसरों में अरिरिक्त कक्षों को चिन्हाकन कर सूची तैयार करने के निर्देष दिये। उन्होंने दूरस्थ इलाकों में नेटवर्क वाले गांवो का चिन्हाकन तथा मतदान दल को पहुंचने हेतु रोड़ मैप तैयार कराने के निर्देष अनुविभागीय अधिकारियों को दिये। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने यातायात अधिकारी से सीटी बस संचालन की जानकारी लेते हुए यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताहए अनुचित डिवाडर को बन्द करने तथा सुरक्षा की दृष्टि से नगर में सीसीटीवी की जगह का चिन्हांकन करने के निर्देश दिये। उन्होंने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिषन को नगर में लगे अवैध होर्डिंग को निकालने की कार्यवाही करते हुए जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

## समाचार सार

### 19 अप्रैल से 31 जुलाई तक रायगढ़ जिला जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित

* सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा

* नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप खनन हेतु संबंधित क्षेत्र के एसडीएम से लेनी होगी अनुमति

* नियमों के उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति या एजेंसी के ऊपर होगी कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने छ.ग.पेयजल परिरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रायगढ़ संपूर्ण जिले को 19 अप्रैल 2023 से 31 जुलाई 2023 तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। उक्त अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत रायगढ़ जिले में उपरोक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा। लेकिन शासकीय एजेंसी जैसे-लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले में तथा नगर पालिक निगम, नगर पालिक परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराये गये नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा। उक्त अनुक्रम में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप खनन हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से विधिवत अनुमति की आवश्यकता होगी। जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता होगी।

कलेक्टर सिन्हा द्वारा जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए एसडीएम को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनमें रायगढ़ के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए एसडीएम रायगढ़, खरसिया के लिए एसडीएम खरसिया, घरघोड़ा के तहत आने वाल क्षेत्र के लिए एसडीएम घरघोड़ा, धरमजयगढ़ के तहत आने वाले क्षेत्र के लिए एसडीएम धरमजयगढ़, लैलूंगा क्षेत्र के एसडीएम लैलूंगा एवं पुसौर के तहत आने वाले क्षेत्र के एसडीएम पुसौर को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त प्राधिकृत अधिकारी अपने-अपने कार्य क्षेत्र में छ.ग.पेयजल परिरक्षण अधिनियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नलकूप खनन आवश्यक होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करेंगे। यदि किसी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा उक्त अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करना पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक 26 अप्रैल को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले में किसी भी आपदा से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक 26 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में आपदा से बचाव के विषय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### तांदुला नहर सड़क को बचाने पोल लगे

मुख्यमंत्री की पहल पर सड़क का निर्माण

**पाटन** । छग के सी एम भूपेश बघेल की पहल से करोड़ो रूपये की लागत से तांदुला मुख्य नहर पर सीमेंटीकरण सड़क का निर्माण कार्य किया गया है। सेलूद से जोरातराई गेट तक यह कार्य पूरा हो गया है।लेकिन नहर सड़क मार्ग को भारी वाहनो से बचाने सड़क के दोनो तरफसीमेंट के पोल गड़ा दिए गए है।जिससे आम जनता को आवागमन में दिक्क्त न हो। साथ ही सड़क पर दो पहिया वाहनों के चलने से यह सड़क ज्यादा दिनों तक टिकेगी।साथ ही घटना दुर्घटना से भी बचाव होगा।ज्ञात हो कि बी एस पी प्लाट में कर्मी व कर्मचारी जोरातराई गेट से काम करने तीनो सिप्ट में सैकडो की सख्या में आते व जाते है।लेकिन उन्हें यह नहर सड़क कच्चा होने के कारण बरसात के दिनों में काफी दिक्क्त का सामना करना पड़ता था।तब कृषि उपज मंडी दुर्ग के अध्यक्ष अस्वनी साहू व ब्लाक अध्यक्ष महेन्द्र वर्मा की पहल पर इस सड़क का निर्माण कार्य मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा कराया गया है।अब ग्रामीणो को प्लाट मे काम करने आने व जाने में किसी प्रकार की दिक्क्त का सामना नही करना पड़ता।

## सड़क हादसे में शिक्षिका की मौके पर मौत, जा रही थी स्कूल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े मालवाहक में जा घुसी टकरा गई। इस हादसे में स्कूटी सवार शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। हादसा मस्तूरी मुख्य मार्ग के लालखदन के पास हुआ। मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतका शिक्षिका का नाम रीता सिदार है। वह दर्रीघाट हाई स्कूल में पढ़ाती थी। शिक्षिका रीता सिदार रोज की तरह स्कूल जा रही थी, तभी उसकी



स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े मालवाहक से टकरा गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## डीएमएफ की मदद से पलारी हॉस्पिटल में लगाई गई सोनोग्राफी मशीन, अब तक 3 सौ 50 से अधिक मरीज हुए लाभांवित

बलोदा बाजार । कलेक्टर रजत बंसल की पहल से जिला खनिज न्यास निधि मद द्वारा जनवरी महीने में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी को सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध करवाई गई थी जिसका लाभ आम जनता को मिल रहा है।




माह जनवरी से लेकर अब तक 354 हितग्राही सोनोग्राफी का लाभ ले चुके हैं। पलारी विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.बी.एस ध्रुव ने बताया कि पलारी में मुख्य रूप से प्रतिदिन औसतन दो से तीन प्रसव हुआ करते हैं तथा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में भी गर्भवती महिलाएं अपनी जांच हेतु आती हैं। ऐसे में यहां सोनोग्राफी की सुविधा की आवश्यकता अनुभव की जा रही थी।पलारी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम छेरकाडीह निवासी 28 वर्षीय कौशल्या जांगड़े जिनका सामान्य प्रसव फरवरी महीने में पलारी अस्पताल में हुआ है उनके पति कमल नारायण ने कहा कि पत्नी को गर्भावस्था में जांच हेतु सोनोग्राफी के लिए पलारी अस्पताल लेकर गए थे। जहाँ जाँच के पश्चात सारी स्थिति सामान्य बताई गई।



## मनेन्द्रगढ़ से आए सैलानियों ने लिया देश देखा में कैंपिंग का आनंद

### जशपुर स्थित देशदेखा पर्यटन स्थल पर्यटकों को कर रहा है आकर्षित, पर्यटक कर रहे सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जशपुर जिले के शहर से लगभग 15 किलोमीटर दूर पहाड़ की चोटी पर स्थित प्राकृतिक से सजी मनोरम स्थल, देशदेखा पर्यटन स्थल पर्यटकों को आकर्षित कर रही है। यहां हजारों पर्यटक प्रतिदिन आते हैं और प्रकृति के साथ कुछ पल बिताते हैं। देशदेखा कैंपिंग साइट प्रदेश के सबसे खूबसूरत कैम्प साइट में से एक माना जाता है। पहाड़ी छोटी पर स्थित ये खूबसूरत कैम्प साइट गर्मियों के लिए एक परफेक्ट गेटअवे है।

देशदेखा पर्यटन स्थल प्राकृतिक रूप से आकर्षक है और इसे देखने दूरदराज के पर्यटक आते हैं और पहाड़ की चोटी पर स्थित मनोरम स्थल का आनंद लेते हैं। जिला प्रशासन के द्वारा देशदेखा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है सभी सुविधाएं बढ़ाई जा रही है जिससे पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। देशदेखा में सूर्यास्त के विहंगम दृश्य देखा जा सकता है जो लगभग 1300 फीट की ऊंचाई से सूर्यास्त का नजारा यहां देखना प्रकृति के साथ खुद को जोड़ने जैसा है इसकी अनुभूति के लिए यहां पहुंचने वाले पर्यटक करते हैं और अपने सुखद स्मरण लेकर जाते हैं। यहां की प्राकृतिक सुंदरता को देखते हुए पर्यटक सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम आयोजित कर प्रकृति के साथ अपने आप को जोड़ते हैं। इसी कड़ी में विगत दिनों मनेन्द्रगढ़ से आए सैलानियों ने देशदेखा में कैंपिंग का आनंद लिया। सैलानियों को जशपुर खूब भाया, यहां की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के हुए मुरीद। कैंपिंग के साथ लाइव म्यूजिक, बोनफायर, स्टोरी टेलिंग आदि का भी आनंद लिया। उल्लेखनीय है कि देशदेखा में सैलानियों के ठहरने के लिए कैंपिंग की व्यवस्था जिला प्रशाशन द्वारा कराया गया है। साथ ही कैंपिंग साइट में मूलभूत सुविधाएं जैसे शौचालय, सोलर लाईट आदि भी जिला प्रशासन द्वारा मुहैया कराई गई है। कैम्प साइट देशदेखा पर्यटन समूह द्वारा संचालित की जाती है जिस से की स्थानीय लोगों को रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। लोग कैंपिंग की बुकिंग बर्थडे, गेट टूगेदर, एवं अन्य आयोजनों पर भी कर सकते है। ट्राइबल डांस, लाइव म्यूजिक, ट्राइबल म्यूजिक, स्टारगेजिंग, ट्रैकिंग, आदि जैसे ऐड ओन सेवाएं भी बुकिंग के लिए उपलब्ध है।

**देशदेखा का सूर्यास्त के मनोरम दृश्य की खूबसूरती पर्यटकों को करता आकर्षित**

**कैंपिंग के साथ लाइव म्यूजिक, बोनफायर, स्टोरी टेलिंग आदि का भी लिया आनंद**



## विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदान दलों के गठन हेतु डेटाबेस तैयार करने के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के सुचारू संचालन हेतु मतदान दल एन्ट्री सॉफ्टवेयर पीपीईएस में जिले के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों की डाटा प्रविष्ट के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में आज सृजन सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल एवं निर्वाचन प्रोग्रामर विभाष पाण्डे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.आर.रात्रे, निर्वाचन पर्यवेक्षक फकीर मोहन षड़ंगी, निर्वाचन सहायक प्रोग्रामर महिलाने एवं सभी विभागों के लिपिक उपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर डेनियल ने पीपीईएस वर्जन 3.6 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस सॉफ्टवेयर के नए वर्जन में कर्मचारियों की विमुक्ति प्रत्येक जिले में 15 प्रतिशत से अधिक नहीं की जा सकेगी। विमुक्ति का कारण भी दर्शाया जाना अनिवार्य होगा तथा साथ ही इस बाबत दिए गए आवेदन एवं विमुक्ति आदेश का पीडीएफ फाईल भी अपलोड की जाएगी। महिला कर्मचारियों की ड्यूटी मैनुअल लगाया जाना सुनिश्चित करें ताकि उन्हें अपने गृह विधानसभा से बहुत अधिक दूरी में निर्वाचन कार्य हेतु ना जाना पड़े। सॉफ्टवेयर में केन्द्रीय कर्मचारियों/अधिकारियों की भी एंट्री किया जाना सुनिश्चित करें। कर्मचारियों की एन्ट्री से पहले उसका नाम वर्तमान मतदाता सूची में दर्ज होना सुनिश्चित कर प्रविष्टि करें। प्रत्येक विधानसभा में कम से कम एक मतदान केन्द्रों में सभी मतदान अधिकारी पीडब्ल्यूडी श्रेणी के होंगे। अतएव सॉफ्टवेयर के नये वर्जन में दिव्यांगों के एंट्री एवं चयन का भी प्रावधान किया गया है।

विभागवार कर्मचारियों की एन्ट्री एवं सूची की संवीक्षा संबंधित कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से करानी होगी। यदि डाटाबेस में दर्ज किसी कर्मचारी या अधिकारी का स्थानांतरण/ सेवानिवृत्ति/मृत्यु हुई हो तो उनके नाम/पदनाम को डाटाबेस से विलोपित कर दिया जाए औ उनके स्थानापन्न कर्मचारियों एवं अधिकारियों के नाम दर्ज किया जाए।

## आदेश पारित होने के बाद पालन करायें और समय पर एंट्री सुनिश्चित करें-कमिश्नर डॉ.अलंग

### संभागायुक्त ने किया एसडीएम, तहसील कार्यालयों का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



बिलासपुर संभाग के कमिश्नर डॉ. संजय अलंग ने कलेक्टर संजीव कुमार झा के साथ कोरबा जिला अंतर्गत पोड़ी उपरोड़ा एसडीएम, तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय में अलग-अलग शाखाओं के निरीक्षण कर निर्देशित किया कि सभी पंजी में सत्यापन अनिवार्य है। उन्होंने प्रकरणों की नस्तियों की जांच की और निर्देशित किया कि आदेश पारित होने के बाद आदेश को समय पर अपलोड करना और आदेश का पालन सुनिश्चित कराए। पटवारी का प्रतिवेदन और नोटिस की तामील भी समय पर हो। उन्होंने प्रकरणों में क्रमांक, पंजी में रेफरेंस नम्बर दर्ज करने, बंध पत्र निष्पादित करते हुए किसानों की समस्याओं का निराकरण के निर्देश भी दिए। संभागायुक्त ने भू-अर्जन के प्रकरणों, भुगतान की स्थिति की जांच करते हुए एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त डॉ.अलंग ने कहा कि कार्यालय के सभी रजिस्टर के पृष्ठ संख्या का सत्यापन अनिवार्य रूप से होना चाहिए। सभी पेज का पृष्ठांकन भी अनिवार्य रूप से करें। पंजी का सत्यापन नहीं होना एक गंभीर लापरवाही मानी जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यालय प्रमुख अपने-अपने कार्यालयों का भौतिक सत्यापन निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने न्यायालय में प्रकरणों की जांच की। रीडर सहित अन्य शाखाओं के कर्मचारियों द्वारा बनाई गई पंजियों की जांच कर तहसीलदारों और एसडीएम को रीडर की समीक्षा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कमिश्नर डॉ. अलंग ने राजस्व प्रकरणों की समय पर निराकरण के निर्देश देते हुए प्रक्रिया का पालन करने कहा। उन्होंने माल जमादार, भुइयां, कानूनगो, अभिलेखागार, नायब नाजिर शाखा आदि का निरीक्षण किया। कमिश्नर डॉ अलंग ने डब्ल्यूबीएम प्रकरण, धारा 107/16, पटवारी के सेवा पुस्तिका का सत्यापन, आय-व्यय का रिकॉर्ड, भण्डारण पंजी, अर्थदंड, कैशबुक आदि की जांच की। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखा जाए और पक्षकारों को परेशानी न हो इसका भी ख्याल रखा जाए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले, एसडीएम हरिशंकर पैंकरा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### अधिवक्ताओं से की भेंट

कमिश्नर डॉ अलंग ने पोड़ी उपरोड़ा में अधिवक्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने बार कक्षए पेयजल की मांग रखी। कमिश्नर ने उनकी मांगों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



# जल व पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, कुपोषण मुक्ति पर रहेगा फोकस-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




रायगढ़ में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए डीएमएफ शासी परिषद की पहली बैठक कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सांसद गोमती साय, विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल शामिल हुए।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि रायगढ़ विभिन्नताओं और विविधताओं वाला जिला है। यहां शहरी अधोसंरचना के साथ सुदूर ग्रामीण इलाके भी हैं। जिसको देखते हुए सभी क्षेत्रों में काम किया जाना है। जिले में जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्राथमिकता से काम किया जाएगा। क्योंकि यहां का जल स्तर लगातार गिर रहा है, भू-जल रिचार्ज और पेयजल आपूर्ति के लिए कार्य किया जाएगा। साथ ही वृहत स्तर पर वृक्षारोपण किए जाने की भी कार्ययोजना है। इसी के साथ दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती और विस्तार, कुपोषण से मुक्ति के कार्य भी किए जायेंगे। जिससे ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले व कुपोषण और एनीमिया जैसी बीमारियों से भी बचाव हो। उन्होंने कहा कि रायगढ़ के युवा प्रतिभा संपन्न हैं। उन्हें अतिरिक्त प्रोत्साहन और मार्गदर्शन देने की आवश्यकता है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकें। इसके लिए उन्हें बेहतर माहौल और शिक्षण व्यवस्था प्रदान किए जाने की भी योजना है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि स्थानीय आवश्यकताओं और मांगों के अनुरूप कार्ययोजना तैयार किए जायेंगे।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी स्थानीय स्तर पर किए जाने वाले कार्यों के बारे में अपने सुझाव दिया। सांसद गोमती साय ने कहा कि पेयजल आपूर्ति को लेकर तेजी से कार्य किया जाए। उन्होंने ऐसे गांव जहां नलकूप सुख रहे हैं उनका चिन्हांकन कर वहां आवश्यक व्यवस्था करने की बात कही। विधायक प्रकाश नायक ने स्कूल भवनों के मरम्मत जल्द करने की बात रखी। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर कार्य प्रारंभ हो गया है वे जल्द पूरे कर लिए जाएं उनमें अनावश्यक देरी न हो और जहां कार्य अप्रारंभ है उन्हें शीघ्र शुरू किया जाए। जो स्कूल इन सर्वे में छूट गए हैं उनके मरम्मत के लिए भी प्रावधान किए जाने की बात उन्होंने रखी। इसके साथ ही उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था करवाने की बात रखी। विधायक लैलूंगा श्री चक्रधर सिंह सिदार ने जिले में सड़कों का काम तेजी से पूरा करवाने की बात रखी। इसके साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी उन्होंने सुझाव दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने जिले के सुदूर अंचलों में बसे ऐसे गांव जहां मूलभूत सुविधाओं में कमी है उनका प्राथमिकता से चिन्हांकन कर वहां आवश्यक कार्य कराये जाने की बात बैठक में रखी। उपरोक्त सुझावों को कार्ययोजना में शामिल करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ)के शासी परिषद की बैठक जिला खनिज संस्थान न्यास निधि में प्राप्त आय एवं व्यय की जानकारी दी गयी। वित्तीय वर्ष 2022-23 के ऑडिट का अनुमोदन किया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 के वार्षिक प्रतिवेदन का भी अनुमोदन किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला खनिज न्यास निधि से कार्य स्वीकृति हेतु जन प्रतिनिधियों, प्रभावित ग्रामों एवं निर्माण एजेंसी/शासकीय विभागों से निर्धारित सेक्टर में प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव मंगाये जाने हेतु चर्चा की गयी।

## सेक्टरवार कार्यों का किया गया अनुमोदन

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने डीएमएफ मद से किए जाने वाले कार्यों का ब्यौरा दिया। जिसमें इस वित्तीय वर्ष में खनिज संस्थान न्यास को जिले के लिए प्राप्त होने वाले अनुमानित लगभग 70 करोड़ रुपए के प्रस्तावित सेक्टर आधारित कार्यों का अनुमोदन किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से उच्च प्राथमिकता वाले पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण उपाय, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं नि:शक्तजन कल्याण, कृषि एवं संबद्ध गतिविधि, कौशल विकास एवं रोजगार व स्वच्छता के कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार अन्य प्राथमिकता में सिंचाई, ग्रामीण इलाकों में छोटे भौतिक अधोसंरचना, ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास कार्य, सतत जीविकोपार्जन के कार्य भी शामिल हैं। सेक्टरवार अनुमोदन के पश्चात इनमें कार्य के प्रस्ताव बनाकर आगे उसे क्रियान्वित किया जाएगा।

## कृषि उपकरणों की खरीदी का प्रस्ताव निरस्त

*बैठक में कृषि उपकरणों की खरीदी का प्रस्ताव भी रखा गया था। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल ने डीएमएफ की राशि से उपकरणों की खरीदी नही किए जाने को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि पिछली बार खरीदी में किसानों को समुचित लाभ नही मिल पाया था। परिषद के सदस्य श्री अरूण मालाकार ने भी इस विषय में सुझाव देते हुए कहा कि उपकरणों की खरीदी या सप्लाई के लिए डीएमएफ की राशि का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। अन्य सदस्यों द्वारा भी इस पर सुझाव दिया गया। जिसके पश्चात उपकरणों की खरीदी के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया।*

# हत्या के नियत से चाकू मारकर घायल करने वाला आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




ग्राम श्यामनगर निवासी ओम प्रकाश यादव ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 अप्रैल के रात्रि में इसके गांव का बसंत राजवाडे इसके भतीजा देव प्रकाश यादव के घर के पास आकर बोलने लगा कि तुम्हारा छोटा भाई कहां है, मेरे पत्नी से बातचीत क्यों करता है कहकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया और लोहे के चाकू से हत्या करने की नियत से देव प्रकाश के हाथ व पेट में चाकू से हमला कर प्राण घातक चोट पहुंचाया जिसे उपचार के लिए अम्बिकापुर लेकर गए है। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 33/23 धारा 294, 307, 435 भादसं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन पुलिस कप्तान रामकृष्ण साहू न ने मामले के आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी बसंत राजवाडे पिता राम कृष्ण राजवाडे उम्र 30 वर्ष निवासी मदनपुरपारा श्यामनगर थाना भटगांव को घेराबन्दी कर पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाजरब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई सीपी तिवारी, एएसआई सुमन्त पाण्डेयए, गुरू प्रसाद यादव, प्रधान आरक्षक सुन्दरलाल, शत्रुधन पोर्ते, आरक्षक मनोज जायसवाल, मोहम्मद नौशाद, संतोष जायसवाल, प्रकाश साहू, भोलाशंकर राजवाडे, प्रहलाद पैकरा, शैलेश राजवाडे व रामचन्द राम सक्रिय रहे।

# भीषण गर्मी को देखते मारवाड़ी युवा मंच ने छाछ व जूस वितरण किया

### प्रत्येक साप्ताहिक बाजार में मंच की जन सेवा का होगा संचालन

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था मारवाड़ी युवा मंच व संस्कृति शाखा के साथ अग्रवाल महिला मण्डल के द्वारा संयुक्त रूप से साप्ताहिक बाजार बुधवार के दिन स्थानीय अग्रसेन चौक के सामने छाछ व जूस का वितरण भीषण गर्मी को देखते हुए किया गया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल व सचिव राजेश महलवाला सहित मंच के सदस्यों की उपस्थिति में छाछ व जूस वितरण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसमें लगभग 1200 छाछ व लीची जूस वितरित किये गये। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष सुमित मित्तल ने बताया कि मंच के द्वारा जनसेवी कार्यों में इस वर्ष गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रत्येक बुधवार साप्ताहिक बाजार में शिकंजी, रसना, रूहआब्जा, गुड़.चना, तरबूज के साथ ठण्डे पाने का वितरण किया जायेगा। अग्रसेन चौक पर लगे मंच के कैम्प में बड़ी संख्या में लोगों ने आकर गर्मी से निजात पाने के लिए छाछ व लीची जूस का सेवन किया। मंच के इस कार्य की आने-जाने वालों ने खुले कंठ से प्रशंसा की। इस दौरान कार्यक्रम में सुनील अग्रवाल, मुकेश गर्ग, सुमित मित्तल, आयुष गर्ग, पंकज अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, निलेश मित्तल, विकास जैन, अंकित अग्रवाल, यश अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल सहित संस्कृति शाखा की अध्यक्ष ललीता अग्रवाल, महिला मण्डल की अध्यक्ष विजया गर्ग के साथ मीना गोयल, सोनू अग्रवाल, सोमिल अग्रवाल, मिता अग्रवाल, अंकिता गोयल, सविता अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच, संस्कृति शाखा व अग्रवाल महिला मण्डल के सदस्य सक्रिय व उपस्थित थे।

# तेंदूपत्ता फड़ मुंशी संघ अपनी मांगों को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल पर बैठे

**कोरबा** । तेंदूपत्ता खरीदी बिक्री में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले फड़ मुंशी काफी लम्बे समय से अपनी मांगों को लेकर सरकार निवेदन करते आ रहे है एक बार फिर कटघोरा वन मण्डल के तेंदूपत्ता फड़ मुंशी संघ ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार द्वारा चुनाव के समय किये गए वादे को याद दिलाने व अपनी मांगों को लेकर 17 अप्रैल से तीन दिवसीय हड़ताल पर बैठ गए है। वही मांग पूरी न होने पर प्रदेशव्यापी जन आंदोलन के रूप में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी।

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने 2018 की चुनावी घोषणा पत्र में फड़ मुंशी को प्रति माह 1000 हजार रुपए कमिशन को छोड़कर अपनी सरकार आने पर देने का वादा किया था लेकिन आज कांग्रेस सरकार को लगभग साढ़े चार साल पूरे होने को है लेकिन आज तक किये गए वादे को अमल में नही लाया गया है। जबकि फड़ मुंशी सन 1988-1989 से कार्य करते आ रहे है और सरकार की योजनाओं को संग्राहक तक पहुंचाने का काम करते है। तथा फड़ मुंशी संघ ने मांग की है कि फड़ मुंशियों की प्रति वर्ष नियुक्ति व 10, 12 वीं की अनिवार्यता को समाप्त कर अनुभवी को प्राथमिकता दिया जाए। यदि उनकी मांगों पर सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो तीन दिवस के बाद प्रदेशव्यापी जनआंदोलन के रूप में सामने आएंगे और फड़ मुंशी संघ अपनी मांगों पर सड़क पर डटा रहेगा। जिला उपाध्यक्ष, फड़मुंशी संघ कोरबा कन्हैया लाल चौहान ने बताया कि फड़ मुंशी शासन की योजनाओं को लेकर काम करते आ रहे है । कांग्रेस सरकार ने वादा किया था कि वो उनकी मांगों के तरफ ध्यान देगी लेकिन वो अपना वादा भूल गई है। जब तक उनकी मांगे पूरी नही होती उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## समाचार सार

### भिलाई में 25 अप्रैल से प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा का आयोजन




**अंडा।** जीवन आनंद फाउंडेशन भिलाई द्वारा 25 अप्रैल से जयन्ती स्टेडियम के बगल मैदान भिलाई में 25 अप्रैल से 1 मई तक शिव महापुराण की कथा का आयोजन किया गया है।जिसमे अंतर्राष्ट्रीय शिव कथावाचक पंडित प्रदीप जी मिश्रा (सीहोर वाले)दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक कथावाचन करेगे।जिसकी तैयारी जोर शोर से सुरु हो गई है।

### बिरला ओपन माइंड्स प्रीस्कूल स्कूल में मनाया गया शैक्षणिक सत्र अलंकरण समारोह

**रायपुर।** बिरला ओपन माइंड्स प्रीस्कूल जीवन विहार रायपुर ने स्कूल परिसर में शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के लिए अलंकरण समारोह मनाया गया। जे1 जीवन विहार वीआईपी चौक रायपुर के पास स्कूल ने हेड बॉय सुश्री अयांश अरोड़ा, हेड गर्ल सुश्री अव्या द्विवेदी, अग्नि हाउस प्रभारी सुश्री आधिरा कश्यप, कमांडर श्रीमती कोमल माथुर, जल हाउस प्रभारी सुश्री अनन्या बजाज, कमांडर श्रीमती जॉयसी पी, पृथ्वी हाउस प्रभारी सुश्री आयत शेख, कमांडर श्रीमती अमीशी व्यास, वायु हाउस प्रभारी ओम प्रजापति, कमांडर श्रीमती दीपा व्यास को नियुक्त किया। अधिष्ठापन समारोह की शुरुआत सभी छात्रों द्वारा मार्च पास्ट के प्रदर्शन के साथ हुई, जिसके बाद स्कूल के हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस प्रभारी ने शपथ ली, जिसके लिए स्कूल डायरेक्टर श्रीमती अभिलाषा भट्ट ने आशीर्वाद दिया। पूरी कार्यवाही हेडमिस्ट्रेस सुश्री किरण पुरबा द्वारा संचालित की गई और सभी कर्मचारियों द्वारा समर्थित किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### बैजनाथ पारा में बेच रहा था चोरी की बाइक, कोतवाली पुलिस ने दबोचा






**रायपुर।** चोरी की दोपहिया वाहन के साथ आरोपी गोरे लाल निषाद को अरेस्ट किया गया है. जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत बैजनाथ पारा पास एक व्यक्ति अपने पास दोपहिया वाहन रखा है तथा बिक्री की फिराक में ग्राहक तलाश रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थाना जाकर मुखबीर द्वारा बताये दोपहिया वाहन एवं हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना गोरे लाल निषाद निवासी आरंग रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा दोपहिया वाहन के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करते हुए लगातार टीम के सदस्यों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी गोरे लाल निषाद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 नग दोपहिया वाहन क्रमांक सी जी 04 एल एन 2053 कीमती लगभग 80,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 41(1+4) जा. फौ./379 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। गिरफ्तार आरोपी- गोरे लाल निषाद धिरज निषाद उम्र 40 साल निवासी सुलभ के पास रामकुण्ड थाना आजाद चौक स्थाई पता शितला मंदिर के पास निषाद पारा थाना आरंग जिला रायपुर।

मनचले की जमकर धुनाई

### मोहेल्लेवासियों ने लात घूंसे, जूते चप्पल और बेल्ट से बेदम पीटा और पुलिस के हवाले किया

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने वाले मैकेनिक की लोगों ने जमकर धुनाई की। घटना के दौरान लड़की घर में अकेली थी। नाबालिग के चिल्लाने पर कालोनी के लोग दौड़े और आरोपी को पकड़ कर जमकर पिटाई की। महिला पुरुषों ने मिलकर आरोपी को इतना मारा की वह लहूलुहान हो गया। इसके बाद लोगों ने



पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को अपने साथ ले गई। नंदिनी थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि वार्ड 8 अहिवारा का रहने वाला अंतोष प्रसाद के खिलाफ नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ और पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी टीवी फ्रीज बनाने का काम करता है। उसकी अहिरवारा में दुकान भी है। महिला पुरुषों ने मिलकर आरोपी को इतना मारा की वह लहूलुहान हो गया। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

# ग्राम सभा में मारपीट करने वालों पर पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही

### ग्रामीण शिकायत लेकर पहुंचे उच्चअधिकारी के पास

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



ग्राम सभा की बैठक में पंच सहित अन्यों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने सूरजपुर कलेक्टर व एसपी से मुलाकात कर कार्यवाई किए जाने की मांग की है। जिला पंचायत सदस्य लवकेश पैकरा के साथ पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सभा की बैठक में पंच उजित खैरवार द्वारा पूर्व गठित शांति निगरानी न्याय समिति को नए तरीके से बनाने का दबाव बनाया। जिस पर ग्राम सभा में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि यह समिति सभी के उपस्थिति में सर्वानुमति से बनी है तो इसे बदलने की क्या आवश्यकता है। ग्राम घुमाडांड़ चौकी रेंवटी के तहत आयोजित ग्राम सभा के कथित रूप से प्रार्थी रमाशंकर खैरवार के साथ कई लोगों द्वारा मारपीट किये जाने व पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कार्यवाई न करने के मामले में क्षुब्ध ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सूरजपुर पहुंच उच्चाधिकारियों ने इस मामले की शिकायत की पंच उजित सहित उनके भाईयों व अन्यों के खिलाफ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के साथ मारपीट में प्रार्थी के चेहरे में चोट भी आयी ग्रामसभा में उपस्थित सदस्यों ने बीच बचाव कर प्रार्थी को छुड़ाया इस पूरे मामले में लगभग 50-60 की संख्या में सूरजपुर पहुंचे ग्रामीणों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है और कहा कि कार्रवाई न होने की दशा में पूरे गांव के लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह ने प्रार्थी व ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से सुना और जल्द ही कार्रवाई किये जाने का आश्वाशन दिया।

# कलेक्टर ने अधिकारियों को तत्परता से आवेदनों का निराकरण करने के दिए निर्देश

### आज जनदर्शन में कुल 42 आवेदन हुए प्राप्त

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने अपने सभा कक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से आए ग्रामीणों और आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर द्वारा जनदर्शन में आने वाले लोगों की सभी छोटी बड़ी समस्याओं को पूरी गंभीरता से सुनते हुए यथासंभव जल्द से जल्द निराकरण करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जनदर्शन में जैजैपुर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम कचन्दा निवासी धनश्याम चंद्रा पिता छबि लाल ने खसरा नं.1600/2 को खाताधारक के नाम पर आनलाइन करने के संबंध में आज जनदर्शन पहुंचे, मालखरौदा तहसील के अंतर्गत आने ग्राम मुक्ता निवासी रत्ना गबेल ने परिवार पेंशन सुधार कर भुगतान करने के सम्बन्ध में पहुंचेए डभरा विकासखण्ड के ग्राम सराईपाली निवासी लछन राठिया पति छत्रपाल ने आवेदिका को वृद्धा पेंशन राशि एवं प्रधानमंत्री आवास दिलाने जाने के सम्बन्ध में पहुंचे, सक्ती विकासखण्ड के ग्राम सकरेली ब निवासी सरोजनी बंजारे पिता मूलचंद जांगड़े ने उचित मार्ग दर्शन देने तथा उपाय बनाने के सम्बन्ध में पहुंचे, रतन चौहान पिता दलसाय चौहान ग्राम बंधुवा तालाब के पास कोरबा रोड़ सक्ती ने भूमि स्वामी देने के सम्बन्ध में पहुंचे, जैजैपुर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम देवरीमठ निवासी गुरबारी बाई ने एपीएल राशन कार्ड करने के सम्बन्ध में पहुंचे, जैजैपुर तहसील अंतर्गत ग्राम करही निवासी दिलबाई ने राशन कार्ड से नाम कटवाने के सम्बन्ध में पहुंचे, अडभार तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम नवरंगपुर निवासी प्रीतराम पटेल ने भूमि सीमांकन के सम्बन्ध में पहुंचे, वही जैजैपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डोमाडीह के सरपंच ने ग्राम पंचायत डोमाडीह के कोटवार के खिलाफ आवेदन देने के बाद भी कार्यवाही नहीं करने के संबंध में आज जनदर्शन में पहुंचे हुए थे। इसी प्रकार आज जनदर्शन में कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि शासन के मंशानुरूप आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टर पन्ना द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक बुधवार को आयोजित किया जाता है।

## तेलुगू फिल्म छत्रपति के हिंदी रीमेक में नजर आएंगी नुसरत भरूचा



साल 2005 में आई प्रभास अभिनीत एसएस राजामौली की सुपरहिट फिल्म छत्रपति का हिंदी रीमेक पिछले कुछ वक्त से लगातार चर्चा में हैं। इस फिल्म के जरिए दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता बेल्लमकोंडा साई श्रीनवास अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आई है। छत्रपति के हिंदी रीमेक में नुसरत भरूचा मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस खबर की पुष्टि उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम के जरिए की है।

नुसरत ने बेल्लमकोंडा संग एक तस्वीर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, एक सपना सच हो गया।



## सलमान के साथ काम करने का मतलब ढेर सारा अच्छा खाना और मस्ती : शहनाज गिल

बिग बॉस 13 से प्रसिद्धि पाने वाली शहनाज गिल और हाल ही में अभिनेता सलमान खान अभिनीत फिल्म किसी का भाई किसी की जान में अपने अभिनय के लिए सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ अपने काम के अनुभव के बारे में बात की। शहनाज गिल ने बातचीत करते हुए अभिनेत्री ने पंजाबी इंडस्ट्री का हिस्सा होने के बाद हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में आए अंतर और अपने करियर के लिए सलमान से मिली सलाह को भी साझा किया।

शहनाज ने कहा कि बॉलीवुड की फिल्में बड़े बजट की फिल्में हैं। वास्तव में अधिकांश बॉलीवुड फिल्में बड़े बजट के साथ बनाई जाती हैं और सेट पर देखा जा सकता है कि वे कितने बड़े बजट की हैं। मैं बस यही उम्मीद करती हूं कि पंजाबी इंडस्ट्री भी इसी तरह आगे बढ़े और इसी तरह बड़े बजट की फिल्में बने। शहनाज ने कहा, सलमान असल में वैसे ही हैं जैसे वह बिग बॉस के मंच पर दिखते हैं। मुझे उनमें कोई अंतर नजर नहीं आता। वह दूसरों को अच्छी सलाह देते हैं और उन्हें प्रेरित करते हैं। उन्होंने मुझे अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने का कहा है और मैं वही कर रही हूं। मैं हिंदी भी सीख रही हूं। शहनाज ने शूटिंग अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, सलमान हमारे साथ खूब मस्ती करते थे। लंच से लेकर डिनर तक हमने वहां खाना खाने का लुत्फ उठाया। इंडस्ट्री में अपने सफर के बारे में बात करते हुए शहनाज ने कहा, मैं अपने करियर पर ध्यान देना चाहती हूं और कुछ नहीं। मुझे मीडिया और दर्शकों से प्यार और समर्थन मिलता रहता है। अभिनेत्री ने कहा कि वह अपने अभिनय कौशल पर कड़ी मेहनत करेंगी और उन्हें जो भी भूमिकाएं मिलेंगी, करेंगी। शहनाज ने सलमान द्वारा अभिनेत्रियों को रिवीलिंग ड्रेस पहनने से रोकने के सवाल का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा, ऐसा कुछ नहीं है, मैंने प्रमोशन के दौरान बहुत ही सेक्सी ड्रेस पहनी थी।

## डेनिम बूट्स, लॉन्ग रिवीलिंग कुर्ती पहनकर पूजा हेगड़े ने फ्लॉन्ट किया टोंड फिगर

बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े इन दिनों अपनी फिल्म किसी का भाई किसी की जान के प्रमोशन में बिजी हैं। एक्ट्रेस अपनी इस फिल्म के प्रमोशन से दौरान बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहन रही हैं जहां उनका हॉट लुक देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी रिवीलिंग आउटफिट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस दिखाई दे रही हैं।



एक्ट्रेस पूजा हेगड़े साउथ इंडस्ट्री के साथ-साथ बॉलीवुड में भी इन दिनों घमाल मचा रही हैं। उन्होंने अपनी एक्टिंग के दम पर बॉलीवुड इंडस्ट्री में लोगों के बीच अपनी खास पहचान बना ली है। हाल ही में एक्ट्रेस पूजा हेगड़े अपनी अपकमिंग फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर सोशल मीडिया पर काफी लाइमलाइट बटौर रही हैं। बता दें कि इन दिनों पूजा हेगड़े अपनी आने वाली फिल्म के प्रमोशन में काफी व्यस्थ हैं और सलमान खान के साथ एक्ट्रेस की ये पहली फिल्म है। पूजा हेगड़े का प्रमोशन के दौरान बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट में किलर अवतार देखने को मिल रहा है जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। एक्ट्रेस का हर लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। वो कुछ भी पहने लोग उन्हें हमेशा फॉलो करते हैं। इन तस्वीरों में पूजा हेगड़े ने ग्रे कलर का शिमरी कुर्ती पहना हुआ है जिसमें वो काफी सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं। पूजा हेगड़े सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके चाहने वाले उनकी हर एक तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।

## फिर आई हसीन दिलरूबा, नेगेटिव किरदार में नजर आएंगी तापसी पन्नू



ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित हुई तापसी पन्नू की फिल्म हसीन दिलरूबा फिर से चर्चाओं में है। तापसी पन्नू शीघ्र ही इस फिल्म का सीक्वल फिर आई हसीन दिलरूबा लेकर आने वाली हैं। अमूमन रोमांटिक कॉमेडी और इंटेंस रोमांटिक जोनर की फिल्में बनाने वाले बैनर कलर येलो प्रोडक्शन ही इसका प्रोड्यूसर है। यह बैनर हालांकि इस फिल्म से अपनी पहचान क्राइम ड्रामा वाली लव स्टोरी बनाने के तौर पर विकसित कर रहा है। तापसी पन्नू इस फिल्म से पहले बदला में पूरी तरह से नेगेटिव किरदार में नजर आई थी। यहाँ हसीन दिलरूबा में रानी के तौर पर उनका किरदार ग्रे शेड लिए हुए है। शादीशुदा होने के बावजूद उनका किरदार पति के एक परिचित की ओर फिसलता है। फिर किसी का मर्डर होता है। इस बार पार्ट-2 में निर्माताओं ने क्राइम का तडक़ा रखते हुए कुछ और भी गढने की कोशिश की है। फिल्म से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पिछले भाग की कहानी दिल्ली और हरिद्वार में ट्रैवल करती है। इस बार कहानी को आगरा और मथुरा में सेट किया गया है। पिछली बार जहाँ हर्षवर्धन राणे के किरदार के चलते तापसी और विक्रांत मैसी की जिन्दगी में भूचाल आता है। इस बार तकरीबन वैसा काम सनी कौशल के किरदार से होता है।

## तमिल बायोपिक 800 में मुथैया मुरलीधरन का किरदार निभाएंगे मधुर मित्तल



स्लमडॉग मिलियनेयर फेम अभिनेता मधुर मित्तल क्रिकेट के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन पर बायोपिक लेकर आ रहे हैं। क्रिकेटर के जन्मदिन के मौके पर सोमवार को फिल्म का पहला लुक जारी किया गया।स्पिन के जादूगर मुथैया मुरलीधरन को 2002 में विजडन के क्रिकेटर्स अल्मनैक द्वारा महानतम टेस्ट मैच गेंदबाज का दर्जा दिया गया था।

2017 में, वह आईसीसी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले पहले श्रीलंकाई क्रिकेटर थे।एक्टर मधुर मित्तल इस अवसर को पाकर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा: मुरलीधरन जैसे दिग्गज की कहानी को पर्दे पर लाना सम्मान की बात है। हम सभी उन्हें एक क्रिकेटर के रूप में जानते हैं, लेकिन फिल्म में उनके बारे में एक ऐसे व्यक्ति के रूप में बहुत कुछ है जिसने जीवन में विजयी होने के लिए बाधाओं को पार किया है जो दशकों से युवाओं की पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

तमिल फिल्म, जिसका शीर्षक 800 है, एक स्पोर्ट्स ड्रामा है। यह मुरली के अब तक के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक बनने की यात्रा को दिखाएगी, जो सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने प्रति टेस्ट मैच में औसतन छह विकेट लिए हैं।फिल्म का शीर्षक टेस्ट क्रिकेट में मुरली द्वारा लिए गए रिकॉर्ड विकेटों के नाम पर रखा गया है।

800 एम.एस. श्रीपति द्वारा लिखित और निर्देशित है। यह तमिल, हिंदी और तेलुगु में रिलीज होगी।श्रीपति ने अपने प्रेरक विचार के बारे में बात करते हुए कहा, 800 सिर्फ मुरली के क्रिकेट करियर की कहानी नहीं है, बल्कि मानवीय साहस की कहानी है।

## खेल

# रोमांचक मुकाबले में 14 रन से जीती मुंबई

### हैदराबाद के खिलाफ कैमरून ग्रीन रहे हीरो; अर्जुन तेंदुलकर ने पहला IPL विकेट लिया

हैदराबाद। इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 14 रन से हरा दिया। अर्जुन तेंदुलकर ने 20वें ओवर में 20 रन डिफेंड किए। उन्होंने आखिरी ओवर में भुवनेश्वर कुमार को कैच आउट कराकर अपने IPL करियर का पहला विकेट लिया।



कैमरून ग्रीन ने 19वें ओवर में 4 ही रन दिए। उन्होंने पहली पारी में 64 रन की नॉटआउट पारी भी खेली। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद 19.5 ओवर में 178 रन ही बना सकी।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई से कैमरून ग्रीन ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने आखिर तक बैटिंग कर टीम का स्कोर 190 के पार पहुंचाया।

मयंक अग्रवाल और हेनरिक क्लासेन लगातार ओवरों में आउट हो गए। क्लासेन 14वें ओवर में पीयूष चावला और मयंक 15वें ओवर में राइली मेरिडिथ का शिकार हुए। दोनों के आउट होने के बाद हैदराबाद बैकफुट पर चली गई।

### डेथ ओवर बॉलिंग

सनराइजर्स हैदरादाबाद को आखिरी 2 ओवर में 24 रन की जरूरत थी। अब्दुल समद और भुवनेश्वर कुमार क्रीज पर थे। 19वें ओवर में कैमरून ग्रीन ने 4 ही रन दिए, जिस कारण 20वें ओवर में अर्जुन तेंदुलकर के पास डिफेंड को 20 रन मिले। उन्होंने आखिरी ओवर में 5 ही रन दिए और एक विकेट भी लिया।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई को रोहित शर्मा और ईशान किशन ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने 4.4 ओवर में 41 रन जोड़े। रोहित 28 रन बनाकर थंगारसु नटराजन का शिकार हुए। टीम ने फिर 6 ओवर में एक विकेट पर 53 रन बनाए।

### 33 बॉल में कैमरून ग्रीन की फिफ्टी

मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने 33 बॉल में अपनी फिफ्टी पूरी की। IPL के डेब्यू सीजन में ग्रीन का यह पहला ही अर्धशतक है। वह 5वें ओवर में रोहित शर्मा का विकेट गिरने के बाद क्रीज पर आए थे। ग्रीन 64 के स्कोर पर नॉटआउट रहे।



**कैमरून ग्रीन**

64* रन | 40 बॉल | 6/2 4/6 | 160.00 स्ट्राइक रेट

### किशन ने 38, तिलक ने 37 रन बनाए

मुंबई से ग्रीन के अलावा ईशान किशन ने 38, तिलक वर्मा ने 37, रोहित शर्मा ने 28, टिम डेविड ने 16 और सूर्यकुमार यादव ने 7 रन बनाए। स्क्र॥ से मार्को यानसन ने 2, भुवनेश्वर कुमार और थंगारसु नटराजन ने एक-एक विकेट मिला। एक बैटर रन आउट हुआ।

### रोहित शर्मा के 6000 IPL रन पूरे

मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा के IPL में 6000 रन पूरे हो गए हैं। उन्होंने तीसरे ओवर की दूसरी बॉल पर चौका लगाने के साथ यह कारनामा किया। रोहित से पहले विराट कोहली, शिखर धवन और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ही ऐसा कर सके हैं।

## एक नजर

### पंजाब और हरियाणा के विधायकों का क्रिकेट मैच अच्छी शुरुआत: गुरमीत हेयर

**चंडीगढ़** । राज्य सरकार पंजाब में खेल संस्कृति पैदा करने के लिए निरंतर यत्नशील है। सरकार की यह कोशिश है कि पंजाब के युवा खेल मैदानों में उतरकर सेहतमंद पंजाब सृजन करने में अपना बड़ा योगदान दें। यह बात पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने सेक्टर-16 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में यूटी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा करवाए गए पंजाब और हरियाणा विधायकों के क्रिकेट मैच के दौरान कही। मीत हेयर ने 12 छक्कों और 13 चौकों की मदद से केवल 53 गेंदों पर नाबाद 150 रनों की पारी खेली और मैन ऑफ द मैच रहे। पंजाब ने 95 रनों के साथ मैच जीता। टीम के कप्तान मीत हेयर ने विजेता ट्रॉफी पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवा को सौंपी।



मीत हेयर ने कहाकि दोनों टीमों के खिलाडियों द्वारा बढिया प्रदर्शन किया गया। ऐसे प्रयास खेल संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। नौजवानों को खेल मैदान में आने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां के इस अलग प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यदि लोगों के चुने हुए प्रतिनिधि ऐसी उदाहरण पेश करेंगे तो राज्य निवासियों का भी खेल की ओर रुझान बढ़ेगा।

## जियो-सिनेमा पर टूटे व्यूअरशिप के रिकॉर्ड, सर्वाधिक 2.4 करोड़ ने देखा सीएसके-आरसीबी मैच

**नई दिल्ली** । जियो-सिनेमा ने व्यूअरशिप का अपना ही रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। जियो-सिनेमा पर चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) मैच के दौरान दर्शकों की संख्या 2 करोड़ 40 लाख के आंकड़े को पार कर गई। ऑनलाइन लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जियो-सिनेमा पर मौजूदा आईपीएल 2023 सीज़न में, यह अब तक की सबसे ज्यादा व्यूअरशिप है। इससे पहले 12 अप्रैल को दर्शकों की संख्या 2.2 करोड़ पहुंची थी। मैच की दूसरी पारी के आखिरी ओवर में जियो-सिनेमा पर दर्शकों की तादाद 2.4 करोड़ तक पहुंच गई। चेन्नई ने यह रोमांचक मैच 8 रन से जीत लिया। बीसीसीआई ने इस टाटा आईपीएल सीज़न 2023 के टीवी और डिजिटल प्रसारण अधिकार, अलग अलग कंपनियों को दिए हैं। इसका सीधा फायदा डिजिटल को मिलता दिखाई दे रहा है। जियो-सिनेमा आईपीएल मैचों की स्ट्रीमिंग मुफ्त कर रहा है। इससे भी आईपीएल दर्शकों के बीच उसकी पैठ बनी है। 2.4 करोड़ दर्शकों की संख्या कितनी बड़ी है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2019 सीज़न के फाइनल मैच के दौरान डिज्नी हॉटस्टार पर सबसे ज्यादा व्यूअरशिप 1.86 करोड़ दर्ज की गई थी। आईपीएल अभी अपने लीग मैचों के चरण में हैं और अभी से जियो-सिनेमा ने पिछले सारे रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं। जैसे जैसे आईपीएल फाइनल की ओर बढ़ेगा जियो-सिनेमा पर दर्शकों की संख्या में और इजाफा देखने को मिल सकता है।




## भारत के खिलाफ WTC-फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया ने 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। फाइनल 7 से 11 जून के बीच इंग्लैंड के ओवल मैदान में खेला जाएगा। यह फाइनल मुकाबला इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच होना है। टीम इंडिया लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। वहीं 2021 में खेले गए पहले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत को न्यूजीलैंड से आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और एशेज सीरीज के दो टेस्ट मैचों के लिए टीम की घोषणा कर दी है। फाइनल के लिए ऑलराउंडर मिचेल मार्श की चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। 2 महीने पहले भारतीय दौरे पर नागपुर में टेस्ट डेब्यू करने वाले स्पिनर टॉड मर्फी को भी टीम में जगह दी गई है।



मिचेल मार्श को भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। वनडे सीरीज से पहले टेस्ट सीरीज में उन्हें टीम में जगह नहीं दी गई थी। मार्श की चार साल बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। उन्होंने 2019 में अपना अखिरी टेस्ट खेला था। भारतीय दौरे पर वनडे सीरीज के दौरान मार्श ने 3 मैचों में 97 की औसत से 194 रन बनाए थे। वहीं इंडिया दौरे पर टेस्ट टीम से बाहर रहे मार्कस हैरिस को भी फाइनल के लिए टीम में जगह दी गई है। हैरिस को ओपनर बैकअप के तौर पर चुना गया है।

## दिल्ली कैपिटल्स की लगातार पांचवीं हार

**बेंगलुरु** । दिल्ली कैपिटल्स के खराब प्रदर्शन का सिलसिला जारी है और उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से 23 रन से हारकर आईपीएल 2023 में लगातार पांचवीं हार का सामना करना पड़ा। बेंगलुरु ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (50) के शानदार अर्धशतक से 20 ओवर में छह विकेट पर 174 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और दिल्ली को 20 ओवर में नौ विकेट पर 151 रन पर रोककर चार मैचों में अपनी दूसरी जीत हासिल की। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने मात्र दो रन पर अपने तीन बल्लेबाज गंवा दिए। पृथ्वी शॉ खाता खोले बिना रन आउट हुए जबकि मिचेल मार्श भी खाता खोले बिना वेन पार्नेल की गेंद पर आउट हुए। यश धुल एक रन बनाकर मोहम्मद सिराज की गेंद पर पगबाधा हो गए। कप्तान डेविड वार्नर 19 रन बनाकर टीम के 30 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटे। मनीष पांडेय ने एकतरफा संघर्ष करते हुए 50 रन बनाये लेकिन उनका विकेट 98 के स्कोर पर गिरा। अक्षर पटेल ने 21 और अमन खान ने 18 रन बनाये। एनरिक नोर्त्जे ने 14 गेंदों में चार चौकों के सहारे नाबाद 23 रन बनाकर दिल्ली को 151 तक पहुंचाया।



# अटल टिंकरिंग लैब में वैज्ञानिक पद्धति से किया जा रहा व्यक्तित्व विकास

* सलका हायर सेकेण्डरी स्कूल में हुआ आयोजन * शासकीय स्कूल में 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-उदयपुर।

**निजी विद्यालयों के तर्ज पर छात्र छात्राओं को समय के सदुपयोग करने के साथ-साथ नई चीजों तक दूरस्थ अंचल के विद्यार्थियों को जोड़े रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।**



19 अप्रैल 2023 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका विकासखंड उदयपुर जिला सरगुजा छत्तीसगढ़ में स्थित एटीएल अटल टिंकरिंग लैब के द्वारा आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन किया गया। समर कैंप से संबंधित समस्त गतिविधियां विद्यालय के व्याख्याता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी ऋ षि कुमार पांडेय के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में हुआ। समापन के इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बाल भगवान राम के अतिथि उद्बोधन के पश्चात मुख्य अतिथि पूर्व जनपद उपाध्यक्ष राजीव सिंह देव जी के द्वारा विद्यालय में संचालित इस प्रकार की गतिविधियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अन्य गतिविधियों के साथ-साथ टिंकरिंग पर विचार करें हमेशा एक नया करने की सोच रखना चाहिए विद्यार्थियों को चाहिए कि परिवर्तनशील समय के साथ अधिक से अधिक तकनीकी ज्ञान एवं उसके अनुप्रयोग के बारे में जानने का प्रयास करें तथा आपका अटल टिंकरिंग लैब आपको तकनीकी विज्ञान से जोड़ने के लिए एक अच्छा प्लेटफ ार्म तैयार करता है।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए हुए छात्र-छात्राओं के द्वारा 14 प्रदर्शनी का आयोजन टेक्नोलॉजी इन डेली लाइफ विषय पर किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए कार्यशील मॉडल आकर्षक एवं दैनिक जीवन के लिए उपयोगी है ण्जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स के सामानों का प्रयोग करते हुए विद्यार्थियों ने कार्यशील मॉडल के बारे में अच्छे से समझाया। तथा एक अच्छा प्रदर्शन का प्रयास किया। इन विज्ञान के उत्पादों को घर में उपयोग कर बिजली और पानी की बचत की जा सकती है। इन उत्पादों को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन की आवश्यकता है। 10 दिवसीय कैंप में मुख्य रूप से कृष कुमार, गरिमा दास,अर्चना मेहता, समीक्षा, श्रद्धा जायसवाल सिद्धार्थ `गुलशन देवव्रत शताक्षी विशाखा हंसिका शाहिना खातून,आकांक्षा, आदित्य के द्वारा सभी परियोजना कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतीकरण में अतिथियों के द्वारा विभिन्न प्रकार से प्रश्न पूछ कर प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया गया। तथा उन्हें प्रोत्साहित किया गया। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को यह भी बताया कि इस मॉडल में और किस प्रकार से सुधार किया जा सकता है और इस मॉडल को और किस प्रकार के कार्यों में प्रयुक्त किया जा सकता है।

## एक नजर

### जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन हेतु 08 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 02 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत दुलदुला विकासखण्ड के ग्राम लोरो, निवासी स्व.राजेन्द्र राम का नदी के पानी में डूबने से 07 नवम्बर 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी गुलाबी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। इसी प्रकार जशपुर विकासखण्ड के ग्राम भागलपुर, निवासी स्व. फुलकुंवर सोनवानी का तालाब के पानी में डूबने से 13 अक्टूबर 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी सुषमा सोनवानी हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

### जिला चिकित्सालय में प्रारंभ हो रही क्लब फुट क्लीनिक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला चिकित्सालय जशपुर में स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर वृद्धि हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय में 27 अप्रैल 2023 को क्लब फुट क्लीनिक का शुभारंभ किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्लब फुट क्लीनिक का संचालन सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार को किया जायेगा। जिसमें क्लब फुट से ग्रसित बच्चों का उपचार निःशुल्क किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में जिले में क्लब फुट उपचार हेतु नजदीकी जिला रायगढ़ अथवा अंबिकापुर जाना पड़ता था। जिला चिकित्सालय जशपुर में उपचार प्रारंभ होने से जिले के निवासियों को यह सुविधा आसानी से मिलेगी। क्लब फुट से ग्रसित सभी बच्चों को समय से उपचार पूर्ण कराये जाने हेतु चिरायु अंतर्गत कार्यरत अमलों को निर्देशित किया गया है।

### बेरोजगारी भत्ता के संबंध में किए गए दो महत्वपूर्ण बदलाव

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन स्तर से बेरोजगारी भत्ता के संबंध में दो महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। जिसमें हितग्राहियों के बैंक सत्यापन का काम पहले सीईओ एवं सीएमओ द्वारा कराया जा रहा था जिसके कारण स्वीकृति में अनावश्यक विलंब हो रहा था। उसको रोकने के लिए अब बैंक सत्यापन का काम सीधे राज्य स्तर से किया जायेगा। इसी प्रकार अनुपस्थित आवेदकों को सत्यापन के लिए एक और अवसर प्रदान करने के लिए कलस्टर आईडी में अनुपस्थित आवेदको को पुनः एसएमएस भेजने का प्रावधान किया गया है। जिसके लिए आवेदक अपनी आईडी में लॉगिन करके अनुपस्थिति का कारण बताते हुए एक और अवसर प्रदान करने के लिए निवेदन कर सकते है। रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रायः आवेदक बेरोजगारी भत्ता हेतु आवेदन फॉर्म में अपना नाम गलत भर रहे है। नाम और आधार नम्बर सुधारने का ऑप्शन पोर्टल ने उपलब्ध नहीं है। जिस हेतु उन्होंने सभी आवेदकों से अपना नाम और आधार नम्बर सावधानी पूर्वक भरने की अपील की है।

### 17 एवं जो 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं

मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने एवं संशोधन हेतु आवेदन कर सकते हैं ऑनलाईन या ऑफलाईन

मताधिकार का प्रयोग हेतु मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की गई अपील

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार निकट भविष्य में होने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के विधानसभा के आम निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए 17 एवं जो 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं। ऐसे नागरिक जिसका मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं है। वो मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने एवं संशोधन हेतु ऑनलाईन या ऑफलाईन आवेदन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाईन आवेदन हेतु वोटर हेल्प लाईन मोबाईल का उपयोग कर फार्म.6 भरकर नाम जुड़वा सकते हैं तथा फार्म-8 भरकर ईपिक कार्ड में संशोधन, स्थानांतरण, डुप्लीकेट ईपिक कार्ड प्राप्त कर सकते हैं तथा ऑफ लाईन आवेदन हेतु अपने मतदान केन्द्र के बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के ऐसे नागरिक जिनका मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं है तथा जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से डिलीट हो गया है। उनसे आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन फार्म.6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए अपील की गई है।

# कर्मचारी डेटाबेस तैयार करने के संबंध में प्रशिक्षण हुआ आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।






मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग.रायपुर के निर्देशानुसार और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा के आम निर्वाचन 2023 की तैयारी हेतु मतदान दलों के गठन किये जाने हेतु कर्मचारी डेटाबेस तैयार करने के संबंध में आज मंत्रणा सभाकक्ष में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर बालेश्वर राम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत कुशवाहा,एनईएस महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं मास्टर ट्रेनर डीआर राठिया, सहायक प्रोग्रामर प्रशांत गौर, सभी विभाग के नोडल अधिकारी एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर उपस्थित थे। प्रशिक्षण में पीपीईएस डेटाबेस में एंट्री के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा जिला निर्वाचन कार्यालय जशपुर से सभी विभागों को सॉफ्टवेयर प्रदाय किया गया।

# राजस्व प्रकरणों पर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें-कमिश्नर डॉ. संजय अलंग

संभागायुक्त ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।






बिलासपुर संभाग के कमिश्नर डॉ.संजय अलंग ने आज जिले के राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में राजस्व अधिकारियों एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गंभीरता दिखाते हुए समय पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। शासन द्वारा प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। आम नागरिकों को भी शासन के मंशानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुए उनके प्रकरणों पर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस दौरान कलेक्टर संजीव कुमार झाए अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले, सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

पोड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेते हुए कमिश्नर डॉ. संजय अलंग ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। बैठक में कमिश्नर डॉ अलंग ने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम अपने संबंधित तहसील क्षेत्र के प्रकरणों की समीक्षा समय-समय पर सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व से संबंधित प्रकरण पंजीकृत होने चाहिए। कमिश्नर ने निर्देशित किया कि नक्शा अपडेशन की समीक्षा प्रतिदिन की जाए। राजस्व संबंधी प्रकरणों को दर्ज कर निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। संभागायुक्त डॉ अलंग ने सभी अधिकारियों को कार्यालयों में राजस्व प्रकरणों के दर्ज होने से निराकरण होने तक की पूरी प्रक्रिया में आने वाले व्यवहारिक समस्याओं का चरणबद्ध तरीके से निराकरण हेतु विस्तार से जानकारी दी।

साथ ही इस संबंध में अधिकारियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। उन्होंने कहा कि समय पर प्रकरणों के निराकरण होने से आमजनों को राहत मिलती है। इस हेतु सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। संभागायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप राजस्व प्रकरणों का निराकरण एवं किसानों की समस्याओं का निराकरण निश्चित समयावधि में करें। उन्होंने आदेश पारित होने के पश्चात् पारित आदेश की प्रति पोर्टल में अपलोड करने, रीडर के स्तर पर सूचना जारी करने, नोटिस समय पर भेजा जा रहा है या नहीं, नोटिस की तामील हुई है या नहींए पटवारी प्रतिवेदन उपलब्ध है या नहीं आदि के संबंध में राजस्व अधिकारियों को समीक्षा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर संजीव कुमार झा ने कहा कि कमिश्नर सर के द्वारा निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों से राजस्व अधिकारियों को कई नई जानकारियां मिली हैं। उनके द्वारा दिए गये निर्देशों के पालन से राजस्व अधिकारियों को लंबे समय तक सेवाकाल में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जिला प्रशासन, जय हो एवं रानी दुर्गावती फ ाउंडेशन संयुक्त तत्वधान में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रौनी में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चों को बाल विवाह, उसके दुष्परिणाम और बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान रैली का आयोजन कर बाल विवाह को दूर कर शिक्षा का दीप जलाएं नारे के माध्यम से बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से लेकर रौनी चौक तक रैली का आयोजन कर नारे लगाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जय हो टीम के जिला समन्वयक अनिल बघेल, मोहर सिंह शास्त्री, व्याख्याता शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जय हो वॉलिंटियर एवं रानी दुर्गावती फ ाउंडेशन के टीम उपस्थित थे।



# देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रही भाजपा

जोहार छत्तीसगढ़-सकती।

जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जय सत्याग्रह आंदोलन बुधवारी बाजार शक्ति में आयोजित किया गया था इसमें नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को तार-तार किया जा रहा है राजनीतिक 10 वर्ष हमारे नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से हटा दी गई और किसी बात पर अपनी बात रखने को अपराध माना जा रहा है लोकसभा में मोदी सरकार के खिलाफ कोई बात करने पर ईडी सीबीआई जैसे स्वाग स्वतंत्र संस्था को भेज कर लोगों को परेशान किया जा रहा है जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष आदेश्वर गवेल ने कहा कि लोकसभा में अपनी बात रखी रखने पर और अदानी अंबानी के रिश्ते को बताने के लिए 20000 देश का किसका लगा है यह बात पूछने पर हमारे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा की



सदस्यता समाप्त कर दी गई कार्यवाही में इतनी तत्परता पहले कभी नहीं दिखाई गई आदेश्वर ग्रिल ने आगे कहा कि मोदी सरकार जब से देश में आई है कांग्रेस सरकार द्वारा स्थापित विभिन्न कंपनियों को एवं बेचने का काम कर रही है लोगों को हिंदू मुस्लिम के नाम पर कटुता पैदा कर रही है पूरे देश में अराजकता का माहौल है देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था ध्वस्त की जा रही है किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सत्य प्रकाश महंत ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जो व्यवस्था देश में दी थी उसे खत्म करने की साजिश है पहले लोग खुशहाल जिंदगी जी रहे थे लेकिन अब डर डर कर जी रहे हैं पूरे देश में डर का माहौल है नुक्कड़ सभा को रोहित यादव मनोज जायसवाल ने भी संबोधित किया इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोक चंद जायसवाल पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष न प पा नरेश गेवाडीन जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष साधेश्वर गवेल वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरधर जायसवाल सत्य प्रकाश महंत रथराम सिदार मनोज जयसवाल सचिन पटेल भाई महबूब पिंटू ठाकुर लव सोनी वरुण कसेर सुरेश देवांगन कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष प्यारे लाल पटेल राकेश राठौर ध्रुव सारथी चुनेंन सहीत बड़ी संख्या में कांग्रेश जनों की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल ने किया।

# लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना शासन की पहली प्राथमिकता

बिगड़े हैंडपंप में सुधार, तालाब की सफाई एवं नगरीय निकायों में प्याऊ की व्यवस्था करने के निर्देश जारी

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।



कलेक्टर पीएस ध्रुव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण योजना, बेरोजगारी भत्ता योजना और राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ध्रुव ने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारियों को फील्ड भ्रमण कर नियमित मानिटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भत्ता के लंबित आवेदनों का सत्यापन जल्द से जल्द पूर्ण कर पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान करें। राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में सभी नगरीय निकाय तेजी से ऑनलाइन एंट्री करना सुनिश्चित करें ताकि हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। निर्वाचन विभाग के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर प्रवीण भगत को मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, रैंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात-जनचौपाल में किए गए घोषणाओं को प्राथमिकता से पूर्ण करें। सभी मुख्य राजमार्गों में सड़क दुर्घटना से बचाव और रोकथाम के लिये साइन बोर्ड लगाना सुनिश्चित करेंगे। जर्जर स्कूल, छात्रावास और आंगनबाड़ी भवनों के मरम्मत कार्य में तेजी लायें। सभी निर्माण विभाग नवीन लोकार्पण और शिलान्यास करने से पूर्व सूचना प्रदान करें ताकि कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जा सके। नगरीय निकायों से लेकर ग्राम स्तर तक पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। कलेक्टर ध्रुव ने कहा कि नगरीय निकायों में जगह-जगह प्याऊ की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय के तालाब में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट में सुधार कार्य, बिगड़े हैंडपंप का मरम्मत, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इंजीनियर और शिक्षक को नोटिस जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत में हो रही लेट-लतीफी के लिये आरईएस के इंजीनियर को शोकाज नोटिस जारी किया गया। इसी तरह कर्तव्य में लापरवाही करने वाले एक शिक्षक को भी नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। कलेक्टर ने कहा कि कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारी-कर्मचारी बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। सभी कर्मचारी शासन के द्वारा दिये गये कर्तव्यों का ईमानदारी और लगन के साथ निर्वहन करें। समय सीमा की बैठक के पश्चात जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनदर्शन में उपस्थित लोगों ने कलेक्टर पीएस ध्रुव को अपनी समस्या तथा मांग से अवगत कराया। इसमें मुआवजा वितरण, अतिक्रमण की शिकायत, पेंशन की मांग, वनाधिकार पत्र की मांग, रोजगार की मांग,राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए आवेदन प्राप्त हुए। समस्या तथा मांग के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम में प्रभारी अपर कलेक्टर नयनतारा सिंह तोमर, एसडीएम मनेंद्रगढ़ अभिषेक सिंह, निगम आयुक्त चिरमिरी विजयेंद्र सारथी, डिप्टी कलेक्टर सीएस पैकरा तथा अन्य जिला धिकारी उपस्थित थे।

# कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने कृषि तथा सम्बद्ध विभागों की ली समीक्षा बैठक

## समूह की आमदनी बढ़ाए जाने हेतु करें प्रयास, किसानों के कल्याण के लिए सद्भावना से सभी विभाग करें कार्य-शर्मा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, केबिनेट मंत्री दर्जा ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में कृषि तथा सम्बद्ध विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष महेन्द्र चन्द्राकर, सदस्य नन्दकुमार पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता जैन, उप संचालक कृषि श्रदिनेश चंद कोसले सहित जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में शर्मा ने गौठान प्रबंधन की समीक्षा करते हुए कहा कि गौठानो में ऐसी गतिविधियों का चयन किया जाए जहां कच्चे माल की उपलब्धता हो तथा वहीं उत्पाद के विक्रय हेतु बाजार भी उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि समूह की आमदनी बढ़ाने हेतु प्रयास करें। उन्होंने गारमेंट सिलाई हेतु महिलाओं का प्रशिक्षण करवाकर बड़े स्तर पर गतिविधी संचालित किए जाने निर्देशित किया। सक्रिय गौठानों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन गौठानों में 10 एकड़ से अधिक जमीन है वहां एक तालाब निर्माण कराकर समूह के माध्यम से मछली पालन का कार्य किया जाए तथा जहां पानी की कमी है वहां डबरी निर्माण कराएं। उन्होंने विभिन्न विभागों से विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग किसानों के कल्याण के लिए सद्भावना से कार्य करें। इस दौरान गोठान प्रबंधन के संबंध में आत्मनिर्भरता की स्थिति, सक्रिय स्वसहायता समूहो की सक्रियता के प्रमुख कारण, अपेक्षाकृत कम सक्रिय समूहो की संख्या तथा इन्हे प्रेरित करने की रणनीति, गोठानों में वर्तमान में आजीविका संबर्धन के प्रमुख क्रियाकलाप, पशु चिकित्सा केन्द्र के रूप में गोठानों की स्थिति, द्विफसलीय क्षेत्र बढ़ाने में क्या गोठान सफल रहे हैं। यदि हा तो सफलता की कहानी, पोषण बाड़ियों की स्थिति तथा इन्हे आंगनबाड़ी एवं विद्यालयो में विस्तारित करने की रणनीति पर भी चर्चा की गई है। इसके साथ ही गौठान सम्बन्धी क्रियाकलापों में कृषि महाविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्र भूमिका। कृषि आदान व्यवस्था के क्षेत्र में उर्वरक की कुल मांग, जिले की भंडारण क्षमता, सहकारिता क्षेत्र में डबल तथा सिंगल लाक की एक बार की पूर्ण भंडारण क्षमता तथा गोदाम संख्या, जिले को उर्वरक प्राप्ति के स्त्रोत, रेक पाइंट, वर्तमान वर्ष में उर्वरक आधिक्य तथा न्यूनता के समय का चिंहाकन, जिले की फसलवार बीज मांग। जिले का स्वंय का बीज उत्पादन, बीज संसाधन, प्रसंस्करण, भंडारण हेतु उपलब्ध अधोसंरचनाये, जिले को बीज के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की रणनीति, उर्वरक, बीज की कालाबाजारी पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही जल संसाधन तथा इसका उपयोग के क्षेत्र में वृहत, माध्यम, लघु सिंचाई परियोजनाओं के कमांड क्षेत्र में दोनों फसल मौसम में लगाई जा रही फसल, एनीकट, स्टापडेम, चेकडेम, लघुत्तम सिंचाई तालाबो द्वारा सिंचित क्षेत्र, एनीकट, स्टापडेम, चेकडेम, के किनारो पर विद्युतीकरण तथा सौर उर्जा चलित पंपो की स्थापना, मछलीपालन की संभावना, नवीन स्वीकृत जलग्रहण क्षेत्र परियोजना अंतर्गत कार्यो की भौतिक वित्तीय प्रगति की स्थिति, तथा कृषकों के राजस्व प्रकरणों यथा नामांकन, बटवारा, सीमांकन, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, वन अधिकार अधिनियम, रेशम पालन, पशु टीकाकरण पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

## एक नजर

### गर्मी में लू से बचने कलेक्टर ने की जिलेवासियों से अपील

लू से बचने गाइडलाइन जारी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर संजीव कुमार झा ने जिले के नागरिकों से बढ़ती गर्मी को देखते हुए लू से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन एवं घरेलु उपायों का पालन करने की अपील की हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लू लगने से बीमार होने के अनेक मामले आते हैं। कुछ जरूरी सावधानियां अपनाकर इससे बचा जा सकता है। ग्रीष्म ऋतु में लू चलना आम बात है। इस मौसम में तेज धूप एवं गर्मी के कारण लू लगने की संभावना रहती है। लू लगने का प्रमुख कारण शरीर में नमक और पानी की कमी होना है। पसीने के रूप में नमक और पानी का बड़ा हिस्सा शरीर से बाहर निकल जाता है और खून में गर्मी बढ़ जाती है। लू लगना खतरनाक एवं जानलेवा भी हो सकता है। बहुत तेज बुखार आना, सिर भारी लगना, पसीना नहीं आना, उल्टी होना, हाथ पैर में दर्द होना, त्वचा का सूखा, गर्म व लाल होना, चक्कर एवं बेहोशी आना, शरीर में ऐंठन होना इसके लक्षण हैं। लू से बचाव के लिए अधिक से अधिक पानी पियें। यदि प्यास न लगी हो तो भी पानी पिए, ताकि शरीर में पानी की कमी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकें। हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले वस्त्र पहनें। गर्मी के दिनों में शीघ्र पचने वाला भोजन करना चाहिए। धूप में गमछे, चश्मा,छाता, टोपी व पैरों में चप्पल का उपयोग अवश्य करें। धूप में निकलना हो तो खाली पेट घर से बाहर न निकलें। अगर आप खुले में कार्य करतें हैं तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढ़के रहें। लू से प्रभावित व्यक्ति को छाये में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोछे अथवा नहलायें। यात्रा करते समय पीने का पानी अवश्य साथ रख लें, गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखे। शराब, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तमाल न करे यह शरीर को निर्जलित कर सकते है। ओआरएस घोल घर में बने हुए पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी माड़ नीबू पानी, छाछ, कच्चे आम से बना पन्ना आदि का उपयोग करें, मौसमी फलों जैसे तरबूज, अंगूर, खरबूजा इत्यादि का सेवन करें। जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सकें। लू के लक्षण होने पर तुरंत अपने नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र जाएं या मितानिन से संपर्क करें। बच्चे एवं पालतू जानवरों को धूप न छोडेंए कड़ी धूप खासकर दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे के बीच सूर्य की रोशनी में जाने से बचेंए आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। गहरे रंग के भारी एवं तंग वस्त्र न पहने, जब गर्मी का तापमान ज्यादा हो तो श्रमसाध्य कार्य न करें। नशीले पदार्थ, शराब, एल्कोहल के सेवन से बचें, उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। साथ ही लू हीट वेव से बचाव हेतु जारी एडवाइजरी का पालन करें।

### कोरबा में फिर पैर पसार रहा कोरोना, मंगलवार को मिले 10 मरीज

**कोरबा** । लंबे समय तक कोरोना संक्रमण से अछूते रहे कोरबा में एक बार फिर कोरोना का विस्फोट हुआ है। मंगलवार को जिले में 10 कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई है। दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में 531 नए संक्रमितों की पुष्टि हुई है। प्रदेश में अब 2484 मामले सक्रिय हैं। प्रदेश में जिलों से कोरोना संक्रमित पाए गए। जानकारी के अनुसार 18 अप्रैल को प्रदेश में रायपुर से 84, दुर्ग से 30, राजनांदगांव से 52, बालोद से 24, बेमेतरा से 19, कबीरधाम से 11, धमतरी से 16, महासमुंद से 20, बलौदाबाजार से 31, गरियाबंद से 4, बिलासपुर से 38, रायगढ़ से 23, कोरबा से 10, जांजगीर.चांपा से 8, गौरेला.पेंड्रा.मरवाही से 2, सरगुजा से 38, सूरजपुर से 30, कोरिया से 14, बलरामपुर से 6, दंतेवाड़ा से 11, कोंडागांव से 2, जशपुर से 4, बस्तर से 3, कांकेर से 32, नारायणपुर से 1, बीजापुर से 17, शेष जिलों में कोरोना का कोई नया मामला नहीं आया है।

## महिला के थैले से गांजा जब्त, उरला पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला पुलिस ने गांजा बेच रही महिला को गिरफ्तार किया है. जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित ग्राम गुमा में साहू पारा पास एक महिला अपने पास थैले में गांजा रखी है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक तलाश रही है। जिस पर



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी एवं नगर पुलिस अधीक्षक उरला अविनाश मिश्रा के द्वारा थाना प्रभारी उरला बृजेश कुशवाहा को महिला को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये की महिला को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम भगवती पुरैना निवासी उरला रायपुर होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा महिला आरोपी भगवती पुरैना के पास रखे थैले की तलाशी लेने पर थैले में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा महिला आरोपी भगवती पुरैना को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 किलो 100 ग्राम गांजा कीमती लगभग 21,000/- रूपये जप्त कर महिला आरोपी के विरूद्ध थाना उरला में अपराध क्रमांक 168/2023 धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर महिला आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई। गिरफ्तार महिला आरोपी- भगवती पुरैना पति स्व0 टाकेश्वर पुरैना उम्र 57 साकिन साहू पारा ग्राम गुमा थाना उरला जिला रायपुर।

## विप्र फाउंडेशन द्वारा पंडितों का हुआ सम्मान

परशुराम जन्मोत्सव पर हुआ मुख्य कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर विप्र फाउंडेशन संस्था के द्वारा शहर के विभिन्न मंदिरों और संस्कृति को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पंडितजनों का सम्मान किया गया। जिला विप्र फाउंडेशन के प्रमुख विजय शर्मा मार्बल, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा मंजू जोशी के द्वारा जानकारी दी गई। कि प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा एवं प्रदेश प्रभारी चरण शर्मा के निर्देश पर उक्त कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें महामंत्री सुनील मस्ता एवं महिला प्रकोष्ठ महामंत्री मीना शर्मा की टीम के द्वारा अथक मेहनत कर कार्यक्रम को शानदार सफल बनाया गया। जिसमें कार्यक्रम के आरंभ में भगवान परशुराम की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन कर शुरूआत की गई। विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों सुरेंद्र शर्मा अजय विक्की शर्मा, ईश्वर शर्मा, मनीष शर्मा किरोड़ीमल नगर, आदित्य शर्मा,रतनलाल शर्मा, विनोद शर्मा, नवीन शर्मा, पवन शेरा, सुनील मस्ता, एवं प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा जिलाध्यक्ष विजय शर्मा मार्बल के द्वारा पंडितजनों का सम्मान दुपट्टे एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। इसके अलावा पंडितजनों के सम्मान में बच्चों द्वारा कार्यक्रम भी किया गया।

आभार प्रदर्शन जिलाध्यक्ष विजय शर्मा मार्बल द्वारा किया गया। मातृशक्ति का भी हुआ सम्मान कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजू जोशी एवं महामंत्री मीना शर्मा की टीम के द्वारा मातृशक्ति का भी सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बीना कैलाश शर्मा, रश्मि रामचंद्र शर्मा, बबीता शर्मा, संतोष शर्मा आयुष मेडिकल, संतोष सतीश शर्मा, संतोष संतोष शर्मा, पिंकी अनूप शर्मा, मंजू बालमुकुंद शर्मा, मीना मनोज शर्मा, आशा शर्मा, आशा रतनलाल शर्मा, सुनीता शर्मा, रमा दीपक शर्मा,निधी शर्मा आदि का सम्मान महिला सदस्यों द्वारा किया गया।

## बेमेतरा जिले में पहली बार पत्रकार सम्मान

भाजपा नेता डॉ. जगजीवन खरे ने पत्रकारों का किया सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





बेमेतरा जिले के नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत मारों में भीमराव अंबेडकर जयंती एवं पत्रकार सम्मान समारोह अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉ, जगजीवन खरे के द्वारा रखा गया था जिसमे बेमेतरा जिले के प्रिन्ट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया को बेमेतरा जिले में पहले बार डॉ, जगजीवन खरे ने के द्वारा मेमोंटो और नारियल श्री फल व देकर सप्रेम भेट किया , जिसमें आज पत्रकारों का नगर पंचायत मारों क्षेत्र में लोगों के बिच समान किया । जिसमें अरुण सोनी पत्रकार , गोकरण यदु पत्रकार , राघवेंद्र सिंह पत्रकार , अंकुर तिवारी ,पत्रकार , ईश्वर, ठाकुर पत्रकार ,दुर्गा सेन पत्रकार , उमाशंकार दिवाकर पत्रकार, अरुण पुरैना पत्रकार , सुफल दास मानिकपुरी , रज्जु बंजारे , तोमेश्वर खरे, विजय देशलहरे , भारत चतुर्वेदी , पुष्पराज मराठा , नारायण घरुतलहरे , मनोज नवरग , संतोष सडे, लकेश बघेल , एवं अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे ।

## महोत्सव के माध्यम से कलाकारों को अपनी प्रतिभा को अभिव्यक्त करने के लिए बेहतर मंच मिलता - योगेश तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रामपुर भाड़, में आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय दो दिवसीय लोक महोत्सव में किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। आयोजन जय मां शीतला, जस सेवा निर्मल परिवार महिला सेवा भजन मंडली, पुरुष सेवा भजन मंडली व शक्ति मानस मण्डली रामपुर की ओर से कराया जा रहा है। महोत्सव में लोक कलाकारों की से मनमोहक प्रस्तुति ने समां बांध दिया। इस अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से लोक कलाकार को अपनी प्रतिभा को अभिव्यक्त करने के लिए बेहतर मंच मिलता है। वहीं राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक, लोक खेल, परम्पराओं आदि को जानने और समझने का मौका मिलता है। ऐसे आयोजनों से छिपी हुई प्रतिभा सामने आती है। उन्हें प्रोत्साहन मिलता है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक सदभाव का वातावरण का निर्माण होता है। इस दौरान डिहवार यादव, हरिराम सिन्हा, बरन दास, अनुज राम देवांगन, दाऊ राम देवांगन, चतुर कडरा, सुरेश रावत, रज्जू वर्मा, कामता वर्मा कमलेश नायक,संतोष वर्मा, प्रकाश नेताम समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## रिपुसूदन बनाये गए ब्राह्मण हिन्द महासंगठन के प्रदेश महासचिव

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



ब्राह्मण समाज खरसिया के सक्रिय समाजसेवी रिपुसूदन पाण्डेय को ब्राह्मण हिन्द महासंगठन ब्रह्मण फाउंडेशन का प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर अंचल के सभी विप्रजनों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ब्राह्मण हिन्द महासंगठन ब्रह्म फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश शकरगाये के निर्देशानुसार फाउंडेशन के राष्ट्रीय सलाहकार व नियुक्ति,मनोनयन प्रभारी डॉ राजेश शर्मा ने रिपुसूदन पाण्डेय को फाउंडेशन के छत्तीसगढ़ राज्य इकाई का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। रिपुसूदन पाण्डेय शुरु से समाज के प्रति समर्पित रहे हैं और अंचल के हर सामाजिक कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता रहती है। इस वर्ष आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव आयोजन के दौरान इनकी अगुवाई में ही आगामी 22 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी।

पाण्डेय को मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए खरसिया अंचल के विप्रवर पण्डित रूपेन्द्र शर्मा, पण्डित नारायण प्रसाद पाण्डेय, पण्डित गंगा प्रसाद तिवारी, पण्डित नेत्रानन्द दुबे, पण्डित नारायण प्रसाद चौबे, पण्डित पण्डित लक्ष्मी प्रसाद शर्मा, पण्डित सतीश कुमार पाण्डेय, पण्डित एल दुबे, पण्डित ब्रजेश शर्मा, पण्डित भरत पाण्डेय, पण्डित डालिस पाण्डेय, पण्डित दिनेश तिवारी, पण्डित लखन लाल शुक्ला, पण्डित गिरीश पाण्डेय, पण्डित प्रवीण चतुर्वेदी, पण्डित टूकेश्वर पाण्डेय, पण्डित दीपककृष्ण महराज, पण्डित सुरेश पाण्डेय, पण्डित नवीन दुबे निशु, पण्डित मोहन पाण्डेय, पण्डित भुनेश्वर पाण्डेय, पण्डित अजय मिश्रा, पण्डित प्रदीप पाण्डेय, पण्डित ईश्वर शरण पाण्डेय, पण्डित दुर्गेश नन्दन पाण्डेय, पण्डित संदीप शर्मा, पण्डित कांता शर्मा, पण्डित पंकज पाण्डेय, पण्डित चंदन कृष्ण पाण्डेय, पण्डित वंश पाण्डेय, पण्डित पवन द्विवेदी, पण्डित विकास तिवारी, पण्डित नरेंद्र तिवारी, पण्डित नागेश्वर शुक्ला, पण्डित बृजभूषण पाण्डेय, पण्डित पुष्पेंद्र तिवारी आदि ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव में प्रारंभ हुआ सिजेरियन ऑपरेशन का कार्य

ग्राम लजियापारा की गर्भवती महिला का हुआ सफल सिजेरियन ऑपरेशन, जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिले के दूरस्थ क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को चिकित्सा सुविधा का बेहतर लाभ मिले इस हेतु जिले के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव में सिजेरियन ऑपरेशन प्रारंभ किया गया है। इसी कड़ी में ग्राम लजियापारा निवासी गर्भवती महिला का पहला सिजेरियन ऑपरेशन किया गया।



- कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने पूरी चिकित्सा टीम को सफल ऑपरेशन के लिए बधाई दी
- अब क्षेत्र के लोगों को समय पर पत्थलगांव में ही बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी



बीएमओ डॉक्टर जेम्स मिंज ने बताया कि गर्भवती महिला की हाई रिस्क डिलीवरी का प्रकरण था। जिसके कारण नॉर्मल डिलीवरी संभव नहीं था। लेकिन डॉक्टरों की संयुक्त टीम ने सिजेरियन के माध्यम से सफल ऑपरेशन किया एवं दोनों जच्चा बच्चा स्वस्थ हैं। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन ऑपरेशन प्रारंभ करने एवं हाई रिस्की डिलीवरी सफलतापूर्वक कराने पर पूरे स्वास्थ्य टीम को बधाई दी एवं निरंतर मानव सेवा करने की कामना की। इस दौरान उपस्थित परिजनों ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन पर खुशी प्रकट करते हुए स्वास्थ्य टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव में सिजेरियन ऑपरेशन प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। इससे पहले सिजेरियन ऑपरेशन के लिए मरीजों को कुनकुरी, रायगढ़ और अंबिकापुर जाना पड़ता था। अब उन्हें स्थानीय स्तर पर पत्थलगांव में ही बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी। सफल ऑपरेशन की टीम में बीएमओ डॉक्टर जेम्स मिंज, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संतोषी गुप्ता, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप भगत, डॉ श्रद्धा तिर्की, सिस्टर पूनम कुजुर, रोशनी तिग्गा, अनुपमा, प्रीति एवं वार्ड बॉय का विशेष भूमिका रहा।

# स्कूलों को टारगेट करने वाले चोर गिरोह पकड़ाया

**हाईस्कूल बनगांव,चिकनीपानी,बागबहार गोढी,सरईटोला,शेखरपुर,पण्डरीपानी डीएवी स्कूल में कर चुके चोरी,लगातार दे रहे थे घटना को अंजाम एवं पुलिस को चुनौती**

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

बागबहार मिली जानकारी मुताबिक 13 फरवरी 2023 को शासकीय उ.मा.वि. बनगांव के प्राचार्य के द्वारा तथा 07 अप्रैल 2023 को शा.उ.मा.वि. चिकनीपानी के प्राचार्य,13 अप्रैल 2023 को शाउमावि गोढी बागबहार के प्राचार्य एवं हाईस्कूल सराईटोला के प्राचार्य द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि इनके स्कूलों का ताला अज्ञात चोर के द्वारा तोड़कर स्कूलों से बैटरीए,कम्प्यूटर सेट, सीपीयू, मानिटर, माईक सेट, साउंड सिस्टम, सीसीटीव्ही कैमरे, एवं खेलों के विभिन्न सामानों को चोरी कर ले गये है। विद्यालयों में हो रही लगातार चोरी की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी थाना। चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग व रात्रि गस्त सजगता से करने का निर्देश दिये थे। इसी तारतम्य में बागबहार थाना प्रभारी बीएन शर्मा अपने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना बागबहार क्षेत्र के हाईस्कूलों में अपने स्टाफ एंव जनता के सहयोग से रात्रि में लगातार निगाह रखे हुए थे और रात्रि गस्त में अलग-अलग जगह में चेकिंग करते हुए अज्ञात आरोपी के संबंध में विवेचना करते हुए पतासाजी की जा रही थी एवं पुलिस ने अपने सूचना तंत्र को लगातार सक्रिय किया था। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम केरजू थाना सीतापुर जिला सरगुजा से कुछ लोग आकर ग्राम कुकुरभूका में दिन में रहते हैं और रात में नहीं दिखाई देते सूचना को गंभीरता से लेते बागबहार पुलिस ग्राम कुकुरभूका में मिली सूचना के आधार पर घेराबंदी किये जहां ताश खेलते कुछ लोग मिले उसमें से पुलिस को देखकर दो लोग भागने लगे जिन्हे दौड़ाकर पकड़ने पर पूछताछ में अपना नाम, शिवा एक्का उर्फ डेविड पिता बोधन एक्का उम्र 20 साल साकिन




कुनमेरा थाना सीतापुर जिला सरगुजा अर्जुन देवा खलखो पिता धनसाय खलखो उम्र 19 वर्ष साकिन कुकुरभूका थाना बागबहार जिला जशपुर का रहने वाला बताये। जिन्हें हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी शिवा ने बताया कि यह अपने साथी केरजू निवासी किशोर उर्फ गुज्जर और संदीप तथा कुकुरभूका अर्जुन देवा के साथ मिलकर लगातार इन स्कूलों का ताला तोड़कर स्कूल में चोरी करते हुए सामानों को अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखे हैं जो आरोपियों के कथन के आधार पर थाना बागबहार पुलिस ने अभियुक्तों से विभिन्न विद्यालयों से बनगांव बी स्कूल से खेल उपकरण बल्ला, फुटबॉल, स्टंप, रैकेट,फावड़ा एवं बैटरी 02 नग जुमला रकम 7400 शा.उ.मा.वि चिकनीपानी, बैटरी, 03 नग, 02 नग एचपी कंपनी का लेपटॉप, 02 नग सीसीटीव्ही कैमरा, 01 नग ण्चपीकंपनी का प्रिंटर जुमला रकम 53,700 रुपये,शा.उ.मावि. सराईटोला 02 नग डीजे साउंड बाक्स जुमला कीमती 13,000 शाउमावि गोढी बागबहार. 01 नग सीपीयू 01 नग हेडफ ोनए,01 नग मानिटर, 01 नग कीबोर्ड, 02 नग माउस,03 नग बैटरी को जुमला किमती 20,450 रूपये बरामद किया गया है। आरोपी अर्जुन देवा और शिवा उर्फ डेविड को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ में यह भी बताये कि इनके द्वारा हाईस्कूल शेखरपुर से 02 नग मोबाईल फ ोन जुमला कीमती 3000 रूपये एंव डीएवी स्कूल पण्डरीपानी पत्थलगांव, 02 नग बड़ा साउंड बॉक्स, 01 नग एम्पलीफायर, 01 नग एलईडी टीवी 01 नग मोटरसायकल जुमला किमती 41,000 रूपये इन सामानों की भी बरामदगी की गई है। शा.उ.मावि केरजू तथा ढोढागांव ठेठेटांगर सीतापुर से 01 नग मोटरसायकल एवं 01 नग स्कूटी चोरी करना बताये हैं और पत्थलगांव पुलिस द्वारा अपने प्रकरण में आरोपियों की गिरण् किये हैं और पूछताछ के दरम्यान सीतापुर पुलिस भी आकर आरोपियों से पूछताछ किये हैं।आरोपियों ने इनके क्षेत्र में भी मोटर सायकल एवं स्कूलों में चोरी की घटना को घटित करना स्वीकार किये हैं। प्रकरण की सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बागबहार बीएन शर्मा, सउनि जीवनाथ गिरी, प्रआर 175 जोहन एक्का, 117 संजय नागवंशी, 331 अरविंद पैंकरा, आर. 582 दिनेश, 28 आकाश, 344 बिरेन्द्र यादव, 628 धनश्याम प्रजापति, 266 सुखदेव सिदार, सैनिक 175 लोकेश यादव, पैरालिगल वालिटियर गजेन्द्र पैंकरा, जय कुमार शा की भूमिका सराहनीय रही।

## एक नजर

# नवम दीक्षांत समारोह में सम्मानित हुई प्राची मिश्रा

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के तत्वाधान में नवम दीक्षांत समारोह का आयोजन छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन की अध्यक्षता, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल,कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक त्रिलोचन महापात्रा एकृषि मंत्री रविंद्र चौबे की गरिमामयी उपस्थिति वर्ष 2015-16 से वर्ष 2021-2022 तक के विद्यार्थियों को स्वर्ण,रजत और कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। इस दीक्षांत समारोह में गोदरीपारा चिरमिरी निवासी प्राची मिश्रा को बैचलर ऑफ साइंस हॉर्टिकल्चर वर्ष 2021-22 में उच्चतम अंक प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से नवाजा गया। प्राची प्राथमिक स्तर से ही प्रतिभावान छात्रा रही प्रारंभिक शिक्षा सुपर किड्स पब्लिक स्कूल गोदरी पारा से कक्षा आठवीं, मेरियाज हायर सेकेंडरी स्कूल चिरमिरी से कक्षा दसवीं सीजी बोर्ड,में अपने स्कूल में अब्बल अंक प्राप्त कर आगे की पढ़ाई चैतन्या इंस्टिट्यूट विशाखा पट्टनम से 12वीं सीबीएससी 83: अंक पाकर पास हुई। छत्तीसगढ़ पी ए टी प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम प्रयास पर ही सफ ल होकर पंडित किशोरीलाल हार्टीकल्चर अनुसंधान महाविद्यालय राजनंदगांव से बीएससी प्रथम वर्ष से चतुर्थ वर्ष तक लगातार उच्चतम अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ मैं अपना प्रथम स्थान सुनिश्चित किया। प्राची के पिता शैलेंद्र कुमार मिश्रा पेशे से शिक्षक एमाता भारती मिश्रा गृहणी है। वर्तमान में प्राची उच्च शिक्षा इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय रायपुर से फ्रूट साइंस से स्नातकोत्तर उपाधि हेतु अध्यनरत है।

## विस्फोटक के साथ पांच माओवादियों गिरफ्तार



**बीजापुर।** जिले के नैमेड थाना क्षेत्र के अंतर्गत कचीलवारी में मंगलवार 18 अप्रैल 2023 को हुए मुठभेड़ के दौरान डीआरजी की री-इंफोर्समेंट पार्टी द्वारा कैका नाला के पास विस्फोटक सहित पांच माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है । वही उक्त मुठभेड़ में जवानों ने एक माओवादी को मार गिराया था । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुठभेड़ के दौरान डीआरजी की री-इंफोर्समेंट पार्टी ने कैका नाला के पास पांच संदिग्धों को पकड़ा और पूछ ताछ किया । पूछ ताछ के दौरान पांचों ने अपना नाम कमलू तेलम उम्र 26 वर्ष निवासी तेलमपारा कचीलवारी थाना नैमेड, दूसरे ने पायकु तेलम उम्र 25 वर्ष , बुधरु पुनेम उम्र 24 वर्ष निवासी सरपंचपारा गुंडापुर, संतोष पुनेम (मिलिशिया प्लाटून सदस्य) उम्र 25 वर्ष, रामलाल तेलमबताया ।

## भीषण गर्मी को देखते हुए शासन ने स्कूलों का समय बदला

**रायपुर।** प्रदेश की राजधानी रायपुर में गर्मी ने अब अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बैशाख की भीषण गर्मी को देखते हुए संचालक लोक शिक्षण विभाग छत्तीसगढ़ शासन नवा रायपुर ने प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक की कक्षाओं का समय बदल दिया है। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं का समय सुबह 7 बजे से 11 बजे तक नियत किया गया है, वहीं उच्चतर माध्यमिक शालाओं का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार तेज गर्मी को देखते हुए उक्त निर्णय लिया गया है। आदेश की प्रतिलिपि समस्त स्कूल के प्रधान पाठकों/प्राचार्यों एवं संबद्ध शैक्षणिक संस्थाओं को आज जारी किया गया है।

उक्त समय सारिणी 20 अप्रैल से 30 अप्रैल तक लागू की गई है।

## छत्तीसगढ़ में बदलेगा मौसम का मिजाज, छाएंगे बादल, गर्मी से मिलेगी राहत

**रायपुर।** उत्तर पश्चिम से आ रही गर्म व शुष्क हवाओं के प्रभाव से अब झुलसाने वाली गर्मी शुरू हो गई है। अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी से दोपहर की तपिश भी बढ़ने लगी है। हालांकि 20 अप्रैल के बाद छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज थोड़ा बदलेगा। मौसम विभाग का कहना है कि बुधवार को मौसम का मिजाज बदलने के आसार है। बस्तर क्षेत्र में हल्की वर्षा के साथ ही गरज चमक के साथ छींटे पड़ेंगे।

43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। रायपुर का न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा।

मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश का मौसम अभी ऐसा ही रहेगा। अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी रहेगा। 20 अप्रैल के बाद प्रदेश में मौसम का मिजाज थोड़ा बदलेगा। राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 43.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। गर्मी बढ़ने से इन दिनों ठंडे पेय पदार्थों व आइसक्रीम की मांग काफी बढ़ गई है।

# भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय राष्ट्रीय चेतना पार्टी ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

गौ हत्या रोकने को लेकर मनेंद्रगढ़ शहर में निकाली रैली

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।

जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के अंतर्गत आने वाले जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन से लेकर सैकड़ों की संख्या में भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गौ हत्या रोकने को लेकर जिला कलेक्टर को



प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के तत्वाधान में देश में हो रहे गौ हत्या को रोकने के लिए मनेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन से सैकड़ों की संख्या में पुरुष एवं महिलाओं ने पैदल रैली निकालते हुए मनेंद्रगढ़ कलेक्टर कार्यालय तक कड़ी धूप में पहुंचे जहां पर भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर चलाएं जागरूकता अभियान-सांसद गोमती साय

* यातायात नियमों के उल्लंघन पर करें कार्यवाही-कलेक्टर * सांसद सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में हुई आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सांसद गोमती साय की अध्यक्षता में आज सांसद सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर किए जा रहे उपायों तथा सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए किए गए प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, सीईओ अबिनाश मिश्रा, एडिशनल एसपी संजय महादेवा, जिला परिवहन अधिकारी दुर्ष्यंत रायस्त उपस्थित रहे।

सांसद गोमती साय ने इस दौरान कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर सभी विभागों द्वारा समन्वित रूप से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक तैयारियों के साथ-साथ लोगों की जागरूकता सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाने तथा विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में लोगों को ट्रेफिक नियमों के बारे में जानकारी



देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारणों के साथ उसके बचाव को लेकर भी लोगों को सजग किया जाए। उन्होंने कहा कि ओव्हर स्पीडिंग, शराब सेवन कर वाहन चलाना, दो पहिया में तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, मालवाहक में यात्री परिवहन एवं नाबालिग द्वारा वाहन चालन जैसे मामलों को लेकर वृहत स्तर जागरूकता अभियान चलाए। कलेक्टर सिन्हा ने इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर नियमित रूप से जांच व जागरूकता अभियान चलाएं। ट्रेफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के ऊपर कार्यवाही की जाए।

जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त ने जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर किए जा रहे उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण तथा उनके नियंत्रण के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही यातायात जागरूकता अभियान के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित कर सभी विभागों द्वारा उसमें आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर, ट्रेफिक डीएसपी सुशांतो बनर्जी, ईई पीडब्लूडी आर.के.खाम्बरा, डीपीएम सुश्री रंजना पैकरा, डीआईओ भानू पटेल, नेशनल हाईवे से बी.एस.भदौरिया सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लू से बचाव के संबंध में गाइडलाइन जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने जिलेवासियों को बढ़ती गर्मी को देखते हुए लू से बचाव के लिए जारी गाइडलाइन एवं घरेलु उपायों का पालन करने हेतु अपील की हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लू लगने से बीमार होने के अनेक मामले आते हैं। कुछ जरूरी सावधानियां अपनाकर इससे बचा जा सकता है। ग्रीष्म ऋतु में लू चलना आम बात है। इस मौसम में तेज धूप एवं गर्मी के कारण लू लगने की संभावना रहती है। लू लगने का प्रमुख कारण शरीर में नमक और पानी की कमी होना है। पसीने के रूप में नमक और पानी का बड़ा हिस्सा शरीर से बाहर निकल जाता है और खून में गर्मी बढ़ जाती है। लू लगना खतरनाक एवं जानलेवा भी हो सकता है।

## गर्मी में लू से बचने जिलेवासियों से अपील

### लू के लक्षण

सिर में भारीपन और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना एवं बेहोश होना इसके लक्षण हैं।

### लू से बचाव के उपाय

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाता है। अतएव इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए। जैसे बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जावे। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। पानी अधिक मात्रा में पीयें, अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस.घोल पीयें। चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा शीतल पेयजल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श ले। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ले।

### लू लगने पर किए जाने वाला प्रारंभिक उपचार

बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगाएं। अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलावें जैसे कच्चे आम का पना, जल जीरा आदि। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा देवें। शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहे। पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाए। मितानिन, एएनएम से ओआरएस के पैकेट हेतु संपर्क करें।

### क्या न करें

*गर्मी के दौरान बाहर न जाएं। यदि आपको आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाना है तो दिन के शीतलन घंटों के दौरान अपनी सारणी निर्धारित करने का प्रयास करें। अत्यधिक गर्मी के घंटों के दौरान बाहर जाने से बचें-विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच। नंगे पैर या बिना चेहरे को ढके और बिना सिर ढ़ककर बाहर न जाएं। शराब, चाय, काफी और कार्बोनेटेड पेय, पीने से बचे जो शरीर को निर्जलित करते है। उच्च प्रोटीन, मसालेदार और तैलीय भोजन खाने से बचें, बासी खाना न खाएं। बीमार होने पर बाहर धूप में न जाएं, घर पर रहें।*

# गरीबों का पैसा वापस दिलाने नोवेल वर्मा मांग रहे एक हस्ताक्षर

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कंपनियों द्वारा करोड़ों का निवेश करा गरीबों का पैसा डकारने के बाद भाग गए वहीं इन कंपनियों को पूर्ववर्ती सरकार और प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिला, उक्त बातें पूर्व मंत्री नोवेल कुमार वर्मा ने पत्रवार्ता के दौरान कही। 18 अप्रैल मंगलवार को पूर्व राजस्व मंत्री एवं एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष ने स्थानीय विश्राम गृह में पत्रवार्ता ली, जिसमें उन्होंने कंपनियों द्वारा करोड़ों रुपए निवेश के नाम पर लेकर जिले की जनता को ठगने की बात कही। वर्मा ने कहा कि 2010 से 2014 के बीच तत्कालीन जांजगीर कलेक्टर व शासन द्वारा रोजगार मेला का आयोजन किया गया था जिसमें सक्ती, बाराद्वार, मालखरौदा, जैजैपुर, डभरा सहित पूरे जांजगीर जिले के बेरोजगार युवाओं को कंपनियों की ओर से नियुक्ति पत्र देकर वाहवाही लूटी थीए वहीं कंपनियों व उनके एजेंटों द्वारा



ग्रामीणों से निवेश के नाम पर करोड़ों रुपए जमा करवा, थे। वहीं गरीबों को यह कह कर पैसे लिए गए थे कि हम आपके पैसों को 4 साल में दुगुना कर देंगे, वहीं कुछ लोगों को यह कहा गया था कि कंपनी देश के बड़े बड़े शहरों में जमीन खरीद रही है जिसमें आपका पैसा लगाया जाएगा और फि र चाहें तो आप निर्धारित समय के बाद दुगुना पैसा ले लें या फि र आपको जमीन दी जाएगी। बड़े पैमाने पर भाजपा शासन काल मे कंपनियों द्वारा गांव के गरीब किसानों को लूटा गया और जब पैसा वापस करने का समय आया तो कंपनी भाग गई। जिसके बाद तत्कालीन विपक्षी दल कांग्रेस ने इस मामले को बढ़ चढ़ कर उठाया। नोवेल वर्मा ने आगे कहा कि कांग्रेस द्वारा 2018 के अपने चुनावी घोषणा पत्र में प्रदेश की जनता को वादा किया था कि सरकार बनते ही सभी निवेशकों का पैसा हम दिलवाएंगे।

इसका फ ायदा भी कांग्रेस को हुआए निवेशक कांग्रेस की बातों और घोषणा पत्र के वादों में आ गए और कांग्रेस भारी बहुमत से प्रदेश में सरकार में आई। 2019 में जिले सहित पूरे प्रदेश के तहसील कार्यालयों में तीन दिवसीय शिविर लगा और निवेशकों से मय दस्तावेज आवेदन लिए गए। लेकिन आज साढ़े चार साल बीत जाने के बाद भी निवेशक गरीब किसानों को उनके द्वारा करोड़ों निवेश का एक रुपया भी उन्हें नहीं मिला। वर्मा ने भाजपा और कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा शासन में गरीबों को लूटा गया और कांग्रेस अब गरीबों का पैसा वापस दिलाने में अक्षम है। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा इस बात को लेकर गरीब निवेशकों से भेंट मुलाकात प्रारंभ की जा रही है और जिनका भी पैसा इन कंपनियों ने डकारा है उनसे मिल एक हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत आज से की गई है और सभी लोगों का हस्ताक्षर करा प्रदेश के राज्यपाल और देश के राष्ट्रपति तक हम जाएंगे और मांग करेंगे कि सरकारें अपने बजट में प्रावधान करे और कांग्रेस अपने वादे के अनुरूप ग्रामीण निवेशकों की पाई पाई लौटाए। वर्मा ने वर्तमान कांग्रेस सरकार पर भी बरसते हुए कहा कि नवीन जिले में जिस तरह से सट्टा, जुआ और अवैध शराब का कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है उससे जिले की फि जा खराब हो रही है, इस सरकार में कार्रवाइयां बिल्कुल नहीं होने से भी इन अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हो रहें हैं। वही स्थानीय स्तर पर आरोप लगाते हुए वर्मा ने कहा कि जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों द्वारा पूरी, गोवा, काठमांडू लोगों को ले जाया जा रहा है इतना पैसा इन जनप्रतिनिधियों के पास कहां से आ रहा है यह भी गंभीर मुद्दा है। वर्मा ने आगे कहा कि एक नारा श्मोर पैसा, मोर जमा पूंजी, वापस करो, वापस करो के साथ मैं लोगों के बीच जा रहा हूं। साथ ही आप सभी बुद्धिजीवियों से भी अनुरोध करता हूं कि मेरे इस मुहिम में मेरा साथ दे, आपका एक हस्ताक्षर गरीबों का करोड़ों रुपया वापस दिला सकता है। हम सब अपने अपने कार्यों में बहुत व्यस्त हैं लेकिन अपनी और गरीबों की जमापूंजी वापसी और दलालों से छुटकारा पाने के लिए प्रयास जरूरी हैं। जब तक गरीबों का पैसा उन्हें नहीं मिल जाता मैं डटा रहूंगा। इस अवसर पर गोरेलाल लाल साहू जिला उपाध्यक्ष साहू समाज, परमेश्वर जायसवाल अधिवक्ता, राकेश गबेल, सम्मेलाल गबेल पूर्व सरपंच आडिल, केशव दर्शन पूर्व सरपंच भांठा उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in